न्यूज ब्रीफ

### जिले के दौरे पर रहेंगे प्रभारी मंत्री

**कानपुर देहात।** जिले के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग मंत्री संजय कुमार निषाद शनिवार को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि प्रभारी मंत्री अपने इस व्यस्त दौरे के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। वह सुबह करीब दस बजे लखनऊ से निरीक्षण भवन माती पहुंचेंगे और देर शाम तक जिले के अलग-अलग तहसीलों में कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### शराब नहीं देने पर सेल्समैन के साथ मारपीट का आरोप

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नोनारी में शराब न देने पर सेल्समैन के साथ मारपीट की गई। इससे वह घायल हुआ। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। नोनारी निवासी कपिल सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे उनके पिता बलवीर सिंह अपनी शराब की दुकान बंद कर रहे थे। तभी दो लोग वहां पहुंचे और शराब की मांग करने लगे। आरोप है कि दुकान बंद होने की बात कहकर शराब देने से मना करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड और डंडों से बलवीर सिंह पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के बावजूद हमलावर नहीं माने और उन्हें बुरी तरह पीट दिया। घटना में उनके दोनों पैरों में गंभीर फ्रैक्चर बताया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डेरापुर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी पकड़ा गया

**कानपुर देहात।** डेरापुर पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को मंगलपुर तिराहे से कुछ ही दूरी पर घेराबंदी कर आरोपी देवेंद्र शरण उर्फ भूरे मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 50 वर्ष है और वह कस्बा डेरापुर के श्याम नगर वार्ड नंबर 3 का निवासी है। बताया गया कि घटना के संबन्ध में पीड़िता ने 24 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 64(1) और 351(3) में मुकदमा पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान पीड़िता का मेडिकोलीगल परीक्षण कराया गया और न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराए गए।

### पुलिस के हाथ आए जुआरी, केस दर्ज

**कानपुर देहात।** गजनेर थाने की पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आलापुर निवासी भानू प्रताप पुत्र पंचम सिंह को दबोचा। उसके साथ कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी संजय कुमार पुत्र शिवबरन सिंह, बनगांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र शंकर दयाल और कुंवरपुर के ही अनुराग कुमार पुत्र वीरेंद्र को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेले में रोजगार को पहुंचे युवा

**संवाददाता, रसूलाबाद**

**अमृत विचारः** रसूलाबाद विकासखंड परिसर में अंतरराष्ट्रीय कंपनी द्वारा दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 25 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 9 का प्रारंभिक चयन किया गया। चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के लिए नोएडा भेजा जाएगा।

रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने पहुंचकर रोजगार के लिए आवेदन किया। आयोजको ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्राम्य अंचल के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके। इस रोजगार मेले के आयोजन से युवाओं में उत्साह देखा गया। भर्ती अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद इन युवाओं को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नियुक्तियां दी जाएंगी। भर्ती शिविर में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और ड्रोन पायलट जवान के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की गई।

सिक्योरिटी गार्ड और ड्रोन पायलट के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल निर्धारित की गई है, जबकि सिक्योरिटी सुपरवाइजर के लिए इंटरमीडिएट के साथ कंप्यूटर ज्ञान अनिवार्य है।

# झोपड़ी में लगी आग से तीन पशु जिंदा जले, युवक भी झुलसा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** जनपद के थाना मंगलपुर क्षेत्र के पाल नगर गांव में शुक्रवार दोपहर एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग से झोपड़ी में बंधे तीन मवेशियों की मौत हो गई। आग बुझाने में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झीझक मे भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे थाना मंगलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिरखीरी का मजरा पाल नगर गांव में गांव के बाहर रखी छोटे लाल की घास फूंस की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि कोई व्यक्ति झोपड़ी में बंधे पशुओं को खोलने का साहस नहीं जुटा पा रहा था।मवेशियों को आग से बचाने के लिए गांव के ही रत्नेश कुमार 40 वर्ष ने आग बुझाने का प्रयास किया आग की चपेट मे आने से गंभीर रूप से झुलस गए।

गनीमत यह रही कि झोपड़ी में घर का कोई सदस्य नहीं था। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया परंतु जब तक आग बुझती, तब तक झोपडी में बंधे तीन मवेशी, जिनमें एक भैंस तथा दो पड़ियो की झुलसने से मौत हो गई। तहसील कर्मियों की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर हानि का जायजा लिया तथा आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

**लपटों के बीच तड़पते रहे मवेशी**: झोपड़ी मे लगी आग इतनी भयंकर हो गई थी कि ग्रामीण अंदर घुसकर मवेशियों को खोलने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे। झोपड़ी मे बंधे पशु आग की लपटों में रंभाते रहे और तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया।

### कॉस्मेटिक की दुकान में अचानक लगी आग, सामान हुआ खाक

**शिवली :** मैथा गारब गांव स्थित कॉस्मेटिक, बैंगल्स स्टोर व बर्तन की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में बीती देर रात आग लग गई। आग लगने श्रृंगार पैलेस जलकर खाक हो गया, बर्तन की दुकान में भी काफी नुकसान हुआ है। आग की जानकारी मिलने पर शिवली कोतवाल एवं फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। मैथा गारब गांव निवासिनी लल्ली बेगम पत्नी मोहम्मद फिरोज की श्रृंगार पैलेस नाम से कॉस्मेटिक बैंगल्स स्टोर की दुकान है तथा बगल में गांव के ही निवासी रमेश की बर्तन की दुकान है। गुरुवार की देर रात लल्ली बेगम के श्रृंगार पैलेस दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग नहीं विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने रमेश के बर्तन की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की जानकारी मिलते ही शिवली कोतवाल मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए तथा पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम आ गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से लल्ली बेगम की दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है वहीं बर्तन की दुकान में भी काफी नुकसान हुआ है। शुक्रवार की सुबह क्षेत्रीय कानूनगो राजकुमार व लेखपाल सौम्या ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि देर रात लगी आग को फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा बुझा दिया गया है।

# पिकअप की टक्कर से मोपेड सवार युवक की मौत

## साथी के साथ बाजार को जा रहा था युवक, रास्ते में हुआ हादसा, मोपेड चला रहा युवक भी घायल

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात**








अंश सिंह गौर।

हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे लोग। घायल कृष्णा गुप्ता।। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के कस्बा झींझक में तेज रफ्तार पिकअप वैन की टक्कर से मोपेड सवार नव युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जब कि मोपेड सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झीझक इलाज के लिए भर्ती कराया है।

थाना मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झीझक के मोहल्ला भोलानगर निवासी 18 वर्षीय कृष्णा गुप्ता पुत्र गणेश शंकर गुप्ता अपने साथी 17 वर्षीय अंश सिंह गौर पुत्र स्व. बलराम सिंह निवासी इकरामपुर के साथ मोपेड पर सवार होकर बाज़ार की तरफ जा रहे थे। तभी हीरो एजेंसी के समीप तेज रफ्तार पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। तत्काल मौके पर पहुंची झींझक चौकी पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर घायलों को सरकारी जीप से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक पहुंचाया।

अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. शिरोमणि सिंह ने परीक्षण कर अंश को मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ, घायल कृष्णा गुप्ता का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बेटे अंश की मौत से क्षुब्ध मां कंचन देवी, छोटे भाई यश व बहन प्रिया बेहाल हो गए। बताया गया कि अंश ने इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। अंश के पिता का 10 वर्ष पूर्व एक हादसे मे निधन हो गया था। हादसे की सूचना पर मंगलपुर प्रभारी इंस्पेक्टर महेश कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध में अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।

### हादसों में पशु चिकित्सक समेत तीन लोग घायल

**रसूलाबाद।** दो सड़क हादसों में बाइक सवार पशु चिकित्सक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहगंज जनपद जौनपुर निवासी डॉक्टर विकास 38 वर्ष पुत्र चंद्रभान रसूलाबाद में बतौर पशु चिकित्सक तैनात है। वह गुरुवार रात को बाइक से तिश्ती की तरफ जा रहे थे, तभी शहबाजपुर के निकट अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार से टक्कर मार दी। हादसे में पशु चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर ग्रामीण व सहकर्मी सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। इसी प्रकार गजान निवासी मोहम्मद फिरोज 25 पुत्र मोहम्मद शरीफ अपने साले मोहम्मद हसन 6 पुत्र सफीक निवासी डिलवल मंगलपुर के साथ बाइक से जा रहा था। तभी महेरा बंबा के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे दोनों की पैरों में फैक्चर हो गया।

# लाखों के जेवर, मोबाइल व नकदी चुरा ले गए चोर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात**

**अमृत विचारः** मूसानगर थाना क्षेत्र के शेरपुर गुढ़ा गांव में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। पिछवारे से एक घर में दाखिल हुए चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पार कर दी। देर रात परिजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। सुबह सीओ भोगनीपुर घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मूसानगर पुलिस को घटना के खुलासे के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना को लेकर इलाके में सनसनी है।

शेरपुर गुढ़ा गांव के निवासी सूरज सिंह अपने दो पुत्रों, संजय व मधुराम व परिवार के साथ रहते हैं। बीती रात सारे लोग खाना खा-पीकर सो गए। देर रात अज्ञात चोर घर के पीछे से छत से घर में घुस आए। इसके बाद घर मे कमरे मे रखे बक्से का ताला तोड़ कर उसमे रखे सोने चांदी के आभूषण समेत नगदी पार कर ले गए। गृह स्वामी के अनुसार चोर जाते-जाते घर मे रखा मोबाइल भी ले गए। बताते हैं कि रात करीब एक बजे परिजनों को चोरी के बारे में जानकारी लगी। परिवार में हड़कंप मच गया। आनन फानन मे सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सुबह समय मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर व मूसानगर एसओ रीना गौतम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारीजनो से पूछताछ की।

इसके बाद मौके पर पहुंची फारेसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। सूरज सिंह के पुत्र संजय सिंह ने घर में हुई घटना के बारे में मूसानगर थाने में तहरीर दी। संजय ने बताया कि चोरों ने माता व पत्नी के लगभग 20 लाख के जेवर पार किए। चोरी गए आभूषणों में जंजीर, अगूठी, पायल, माला, मंगलसूत्र, बिछिया, चूड़ी, हार आदि शामिल है। इसके अलावा घर में जमा कर रखी 81500 रुपये की नकदी भी ले गए।

# रामनवमी पर जगह-जगह कन्या भोज व भंडारा

**संवाददाता, रनियां**



राम नवमी पर कराया गया कन्या भोज। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामनवमी का पर्व औद्योगिक क्षेत्र रनियां में भी पूरे धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों तथा घरों में कन्या पूजन व भंडारे आयोजित हुए।

बाजार रोड पर स्थित मां कनखिया देवी मंदिर में आठ दिन तक चली पूजा अर्चना के बाद गुरुवार को कन्या पूजन व भंडारा आयोजित किया गया। यहां नितिन कुशवाहा, अंकित गुप्ता, सोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे। श्रीबालाजी मंदिर आट गांव में बुधवार को श्रीरामचरितमानस का पाठ शुरू हुआ था। गुरुवार को समापन अवसर पर प्रसाद वितरण हुआ। महंत अशोक अवस्थी, ट्रस्टी गीता अवस्थी, महंत कृष्णदास जी, निर्मल तिवारी, बालजी शुक्ला, दिनेश बाजपेई सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विगत वर्षों की भांति कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चिटिकपुर चौराहे से शुरू होकर सदर बाजार, रनियां पड़ाव, किशरवल रोड आदि जगहों से निकली। भगवा ध्वज लहराते हुए निकली शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे भजनो पर श्रद्धालु झूम उठे।

**● रसूलाबाद के मंदिरों में उमड़ा आस्थावानों का हुजूम**

**रसूलाबाद संवाददाता के अनुसार :** चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। सुबह होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। जिससे पूरा वातावरण ष्जय माता दीष् के जयकारों से गूंज उठा। इसके साथ ही रामनवमी के चलते मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव को भी धूमधाम से मंदिरों एवं घरों में मनाया गया। कस्बे के प्रसिद्ध श्री धर्मगढ़ बाबा शिव मंदिर एवं परिसर में ही स्थित दुर्गा मंदिर मैं श्रद्धालुओं ने माता का फूल, माला , नारियल , चुनरी और प्रसाद अर्पित कर विधिवत पूजन अर्चन किया। भक्तों ने मां से परिवार के सुख शांति एवं समृद्धि की याचना की। इस अवसर पर कई मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां भक्त मां की भक्ति में डूबे रहे। इसके अतिरिक्त दुर्गा नवमी के अवसर पर अनेक स्थानों पर कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण कर आस्थावान लोगों को आशीर्वाद दिया। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने भी सपत्नीक धर्मगढ़ बाबा मंदिर में पूजन अर्चन कर मां दुर्गा से क्षेत्र के लिए सुख शांति की कामना की।

इसके साथ ही रामनवमी के अवसर पर समस्त सहयोगियों के साथ परिसर में ही स्थित सीताराम लक्ष्मण मंदिर में राम जन्मोत्सव कर पूजन अर्चन किया। लालाभगत स्थित मां कौमारी मंदिर के पुजारी अशोक कुमार सैनी ने बताया कि नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि मां की आराधना से सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। इसी प्रकार खेड़ा कुर्सी तोरना बाजार स्थित मां पंथामाई मंदिर, कहिंजरी स्थित मां काली मंदिर, विकास नगर स्थित दुर्गा मंदिर और उसरी स्थित काली माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां की विधि-विधान से पूजा की।

# चैत्र नवरात्र के समापन पर देवी मंदिरों में भंडारों की रही धूम

**संवाददाता, शिवली**



मां अथैया देवी में आयोजित भंडारा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्रि महापर्व पर शुक्रवार को आदिशक्ति के 9वें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। जगह जगह कन्या भोज एवं भंडारों का आयोजन किया गया।

कस्बा शिवली स्थित मां अथैया देवी, मां मानशिला देवी,पन्था देवी, मैथा की मां सम्बहा माता समेत क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों एवं घरों में रात भर मां के जगराते हुए। शिवली कस्बे के मां अथैया देवी मंदिर मां मानशिला देवी मंदिर पंथा देवी मंदिर गगनी देवी मंदिर सममोहनी देवी मंदिर शानचुला देवी मंदिर कामाख्या देवी आदि मंदिरों में देर शाम तक हवन पूजन भजन आदि के कार्यक्रम चलते रहे। नवरात्रि के अंतिम दिन नगर पंचायत शिवली के लंका मैदान के पास जंगल में स्थित पंथा देवी मंदिर आस्था का केंद्र बना रहा। कस्बा ही नहीं वरन आसपास क्षेत्र से सैकड़ों की तादात में भक्त यहां पर दर्शन करने आते रहे।

**● मां अथैया, मानशिला, पन्था देवी, मैथा की मां सम्बहा माता समेत क्षेत्र के सभी मंदिरों में हुए जगराते हुए**

शुक्रवार को यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मानशिला मंदिर में पुजारी अरुणोदय अग्निहोत्री की देखरेख में हवन में भक्तों ने आहुतियां डाली।मां अथैया देवी मंदिर में भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर गंगाराम पांडेय,नीलू अवस्थी, संदीप पांडेय, प्रेम वर्मा, नीरज राजपूत, राज पांडेय, अंशू यादव, बबोल अवस्थी, पंकज राजपूत, अनिल शर्मा, धीरज द्विवेदी, गौरव कृष्ण पांडेय, राजन अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# भए प्रकट कृपाला दिन दयाला कौशल्या हितकारी

**संवाददाता, शिवली**



शिवली के साकेत धाम मंदिर पर सजा रामदरबार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मंदिरों में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा घरों में भी राम जन्मोत्सव धूमधाम से मना कर प्रसाद वितरण किया गया। शिवली के साकेत धाम मंदिर पर राम दरबार को विधिवत सजाकर पूजन अर्चन किया गया। ओंकारेश्वर शिव मंदिर में रामचरित मानस पाठ पुजारी सुशील मिश्रा ओ देखरेख में शुरू हुआ। विख्यात शोभन मंदिर में राम जन्मोत्सव मनाया गया। और विशेष आरती पूजा का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। इसी तरह जागेश्वर मंदिर, कड़री हनुमान मंदिर,योगेश्वर मंदिर बाघपुर,रंजीतपुर के पवन तनय आश्रम मंदिर, औनाहा के पंचवटी आश्रम में भी पूजन अर्चन किया गया।

**रसूलाबाद संवाददाता के अनुसारः** क्षेत्र के असालतगंज कस्बे में श्रीराम जन्मोत्सव भक्ति, उत्साह और एकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निकल गई विशाल शोभा यात्रा अद्भुत उदाहरण साबित हुई। भक्तों ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी भव्य रूप लेगा।

भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात महावीर मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जहां पर भजन-कीर्तन, आरती और श्रीराम चरित मानस के पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सभी ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को स्थानीय स्तर पर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक माना जा रहा है। नगरवासियों ने एकजुट होकर श्रीराम जन्मोत्सव मनाकर सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने का संदेश दिया। जिसमें प्रमुख रूप से अमित सिंह, अक्षय त्रिपाठी, गोलू अग्निहोत्री, अमित चौरसिया, हर्ष चतुर्वेदी, ब्रजेश पालीवाल, यश अग्निहोत्री, समीर श्रीवास्तव, सौरभ द्विवेदी, हिमांशु सेंगर, संदीप कमल, आलोक कुशवाहा, निखिल चौरसिया, गौरव द्विवेदी, शोभित त्रिवेदी, अनुराग पाल, नितिन चौरसिया, अंकित चौबे, राजकुमार राठौर, अभय तिवारी, हरिओम अवस्थी, दीपक पाल, हर्षित चौरसिया, हिमांशु कुशवाहा, गोरे यादव, विनय गुप्ता, अंकित त्रिवेदी, रंजू मिश्रा, शिवम पाल आदि रहे।

**कार्यक्रम** निकलीं शोभा यात्राएं, मंदिरों में हुए कार्यक्रम, नवरात्र के समापन पर हुए कन्या भोज

# मां भगवती और प्रभु श्रीराम की आराधना में लीन दिखे लोग

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात**





जवारा जुलूस में शामिल श्रद्धालु। श्री राम दरबार में पूजा-अर्चना करते महंत देव नारायण दास महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार को नवरात्रि के समापन और श्री राम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों की धूम रही। पूरे दिन धार्मिक आयोजन हुए। शोभा और जवारा यात्राएं निकलीं। डीजे और पंजाबी ढोल की धुनों पर भक्त जमकर थिरके। जगह-जगह कन्या भोज के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधि-विधान के साथ देवी स्वरूपा कन्याओं को टीका कर खीर-पूरी और जलेबी खिलाई गई। शगुन की राशि और उपहार भेंट कर उन्हें विदाई दी गई। शाम को अलग-अलग जगहों पर स्थापित की गई देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

अष्टमी और नवमी की तिथि को लेकर कुछ जगहों पर संशय की स्थिति रही। हालांकि ज्यादातर स्थानों पर शुक्रवार को ही नवमी का पर्व मनाया गया। देवी भक्तों ने नवरात्रि के कार्यक्रमों का परायण किया। विशेष रूप से सजाए गए मंदिरों में महिलाओं ने मां दुर्गा का मनोयोग से श्रृंगार किया। दूसरी तरफ, अकबरपुर में रूरा रोड पर स्थित मां कालिका देवी मंदिर में देवी भक्तों की भारी भीड़ रही। इसी तरह, राम नवमी का पर्व भी जिले भर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने विधि विधान के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया। युवाओं ने शोभा यात्राएं निकालीं। जवारों की भी यात्रा निकली। स्टेट बैंक रोड पर समाजसेवी वेद प्रकाश गुप्ता, सभासद बबलू भारती, रूपेश गुप्ता आदि ने सामूहिक सहयोग से शोभा यात्रा में शामिल लोगों को ठंडा शरबत वितरित कराया। यहां लखन लाल पांडेय, पीयूष दीक्षित, पिंटू शुक्ला आदि रहे। इधर, पुरानी सब्जी मंडी इलाके में जितेंद्र कुमार गुप्ता टिंकू की ओर से ठंडे का वितरण कराया गया।

### 12 बजे मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

**कानपुर देहात।** सनातन श्रद्धा के केंद्र श्रीरामजानकी आश्रम गौरियापुर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव दिव्य और भव्य रूप से मनाया गया। आश्रम के महंत देव नारायण दास ने मध्याह्न 12 बजे रामजन्म के बाद अर्चन, पूजन, आरती, प्रसाद वितरण कराया। मध्याह्न में ठीक 12 बजते ही घंटा-घड़ियाल और शंखध्वनि के बीच भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की ध्वनि मंदिर परिसर में गूंजने लगी।

# दुष्कर्म के आरोपी गये जेल

## दो आरोपियों को शुक्रवार को और एक आरोपी को गुरुवार को ही जेल भेजा गया

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार ।** नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में शुक्रवार को फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। वहीं एक आरोपी को पहले ही जेल भेजा जा चुका था। बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना इलाके में नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे निहाल सिंह व नितेश दुबे को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और शुक्रवार को ही उन्हें जेल भेज दिया। वहीं एक अन्य आरोपी पदम त्रिपाठी को पुलिस गुरुवार को जेल भेज चुकी है। वहीं पुलिस का कहना है कि दुष्कर्म के तीनों आरोपी जेल भेज दिये गये हैं।

गैर जनपद (वाराणसी) से आई किशोरी को कमरा दिलाने के बहाने दाईपुरवा कुरसौली रोड स्थित एक हॉस्टल में ले जाया गया। वहां पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बुधवार सुबह हॉस्टल में रह रहे एक किरायेदार ने किशोरी को अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को चौकी ले आई। वहां पर पूछताछ के दौरान उसने तीन युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया।

इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे गुरुवार को जेल भेज दिया था, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बाद में फरार चल रहे दोनों अन्य आरोपियों निहाल सिंह व नितेश दुबे को भी बिठूर क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में खड़े आरोपी। अमृत विचार

### पाक्सो एक्ट के अपराधी को भेजा जेल

■ **शिवराजपुर।** नाबालिग किशोरी को जबरन दोबारा भगा ले जाने के मामले में परिजनों द्वारा शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव का ही अंकुर बीती 16 जनवरी की रात को मे मेरी नाबालिग लड़की को भाग ले गया था। इसके पहले भी वह 29 नवंबर 2025 को इसी लड़की को भगा ले गया था। इसके ऊपर पहले की गई शिकायत में भी पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने अंकुर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### न्यूज ब्रीफ

#### विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के शिव नगर स्थित एक किराए के मकान में शुक्रवार को 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मकान मालिक ललित कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि उनके मकान में किराए पर रह रही स्वाति सिंह (23), पत्नी धीरेंद्र सिंह, ने कमरे की छत में लगे पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। जानकारी के अनुसार स्वाति अपने पति के साथ यहां किराए पर रहती थी। उनका एक वर्ष का पुत्र भी है। दोपहर करीब 1 बजे घटना हुई। परिजनों के अनुसार पति धीरेंद्र सिंह पत्नी को तत्काल उपचार के लिए रामा अस्पताल ले गए। वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को वापस किराए के मकान पर लाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हैलेट मोर्चरी भेज दिया। बिठूर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा।

## टोल कर्मी से मारपीट पर आठ के खिलाफ रिपोर्ट

**शिवराजपुर।** टोलकर्मी एवं उसके सहकर्मी के साथ दबंगों द्वारा मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शिवराजपुर क्षेत्र में स्थित टोल प्लाजा कर्मचारी राहुल सिंह निवासी फतेहपुर अपने सहकर्मी प्रमोद कुमार के साथ टोल आवास पर सो रहा था। शनिवार सुबह उसके आवास पर पहुंचे बदन नेवादा गांव निवासी देवेंद्र सिंह, अविनाश एवं उत्तरीपूरा निवासी आदर्श शुक्ला, मोहन पांडेय, प्रभात मिश्रा, हरिओम मिश्रा, शिवम कश्यप व अश्वनी ने लोहे की राड एवं धारदार हथियार से राहुल सिंह के ऊपर हमला कर दिया सहकर्मी द्वारा बीच बचाव करने पर सहकर्मी प्रमोद कुमार के सिर में भी गंभीर चोटें आ गई। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## जनक विलाप सुनकर भक्तों के छलके आंसू



रामलीला मंचन में विलाप करते राजा जनक। अमृत विचार

संवाददताता घाटमपुर

**अमृत विचार ।** साढ़ क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है।

रामलीला का शुभारंभ राम दरबार के साथ किया गया। मां ज्वाला देवी सिद्धपीठ गंभीरपुर में एक सौ बत्तीस वर्षों से निरंतर होती चली आ रही है। रामलीला का चैत्र नवरात्रि की सप्तमी और अष्टमी को दो दिवसीय आयोजन होता है। मंच के माध्यम से उतर भारत के सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा रामलीला में शानदार प्रस्तुति की गई। मंचन में जनक विलाप सुनकर वहां पर मौजूद भक्तों की आंखें नम हो गईं। उसके जब प्रभु श्री राम ने धनुष को तोड़ा तो धनुष के टूटते ही पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और सभी लोग जय श्रीराम के जयकारी लगाते रहे। वहीं लक्ष्मण-परशुराम का संवाद सुनने के लिये लोग सुबह तक बैठे रहे। राम जी की भूमिका में रामदत्त जी, लक्ष्मण की भूमिका में सुरेश त्रिपाठी, परशुराम रामबाबू द्विवेदी, जनक आदित्य शुक्ला, विश्वामित्र आनंद द्विवेदी आदि कलाकारों ने मंचन किया। इस अवसर पर पप्पू मिश्र, पिंटू तिवारी, अभिनव तिवारी, रजनीश अग्निहोत्री, नितिन मिश्र, राजेश बाजपेई, कल्लू शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# हवन-पूजन के बाद जवारा सांग लेकर निकले भक्त, गूंजे जयकारे

संवाददताता घाटमपुर

**अमृत विचार ।** चैत्र नवरात्रि के नौ दिवसीय पर्व का समापन शुक्रवार को क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। मां दुर्गा की आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। अंतिम दिन देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इसके बाद भक्तों ने जवारा सांग निकाले।

श्रद्धालुओं ने जवारा के साथ सांग लगाकर पारंपरिक शोभायात्राएं निकालीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों ने ढोलक-मंजीरा की थाप पर बुंदेलखंडी अचरी गाते हुए यात्रा में भाग लिया। जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कस्बा के कूष्मांडा देवी मंदिर, भदरस भद्रकाली, नागेलिन नगेली माता मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दर्शन करने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। क्षेत्र के परास गांव स्थित शेषावतार मंदिर में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आसपास गांवों के लोग जवारा सांग लेके मंदिर परिसर पहुंचे। भक्तों ने पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर परिसर पर मेला लगा रहा। बच्चों व महिलाओं ने पूजा अर्चना के बाद मेले का भी आनंद उठाया। मेले में लगी दुकानें में लोगों ने जमकर खरीददारी की साथ ही बच्चों ने झूलों का भी लुत्फ उठाया।



सांग लेकर निकलते श्रद्धालु। अमृत विचार

● **शोभा यात्रा व जवारों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

# सद्भावना इलेवन ने डीके इलेवन को हराया

**संवाददाता घाटमपुर अमृत विचार ।** घाटमपुर के कैप्टन सुखवासी जनता महाविद्यालय में चल रहे स्वर्गीय सूर्यभान सिंह एवं स्वर्गीय बृजभान सिंह की याद में आयोजित जीपीएल क्रिकेट सीजन वन का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार को सदभावना इलेवन व डीके इलेवन के बीच मैच हुआ। टॉस जीतकर सदभावना इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 16 ओवर में 229 रन बनाए। प्रदीप सचान 44 गेंद में 118 रन बनाए। सत्यम नागर ने 47 रन बनाए। वहीं डीके इलेवन की तरफ से अमन ने तीन विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके इलेवन 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 159 रन बना सकी थी। इसमें हर्षित बाजपेई ने सर्वाधिक 48 रन बनाए थे। तभी मौसम खराब होने के कारण डकवर्थ लुईस नियम से सद्भावना इलेवन को विजेता घोषित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदीप सचान को राज करण द्वारा दिया गया। इस मौके पर शिवम भदौरिय, डी के, संदीप जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।



विजेता टीम को पुरस्कार देते आयोजक। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में विधवा की मौत हत्या का आरोप

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में संदिग्ध हालात में 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के दादरी गांव की निवासी जय देवी (34) पत्नी स्व.ओमप्रकाश की शुक्रवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जय देवी के भाई जीतेंद्र ने ससुरालीजनों सास, ससुर और तीन नन्दों पर बहन जयदेवी के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। जरिया थानाक्षेत्र के इटैलिया बाजा गांव के निवासी जीतेन्द्र ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उसकी बहन जयदेवी ने उसे फोन करके उसके साथ बेरहमी पर मारपीट होने की जानकारी देते हुए उसे बुलाया था। बताया कि जब वह अपनी बहन की ससुराल ग्राम ददरी पहुंचा तो वहीं पर उसे पता चला कि उसकी बहन की मौत हो गई है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम उर्मी देवी से बदलकर उर्मिला कर लिया है जो मेरे सभी सिविल दस्तावेजों आधार कार्ड में दर्ज है, उर्मिला आर्मी न0 15823135 F रैंक हवलदार नाम हैप्पी की कानूनी मां है मुझे भविष्य में उर्मिला नाम से जाना, पहचाना जाए। उर्मिला पत्नी अमरनाथ 56 Apo cod कानपुर

**सूचना**

मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी ग्राम मीनापुर फगौली पोस्ट शुजागंज जिला अयोध्या है। जो कि गलती से भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 253461552 में मेरा नाम बच्चूलाल पुत्र जगदम्बा प्रसाद हो गया है। भविष्य में मुझे राजेश कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाएं।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम HAREES AHMAD KHAN से बदलकर HAREESH AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-TABIB KHAN R/0-KHINDURI, PIPRI RAWAT COLONEL GANJ DIST-GONDA-271502(U.P)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता रण विजय सिंह और मेरी माता का नाम बिमलेश सिंह का नाम (CBSC) हाईस्कूल के रिकार्ड रोल नम्बर 23169676 में तथा इंटरमीडिएट रोल नम्बर 32628047 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में माता व पिता का नाम त्रुटिवश गलत लिख गया है। वास्तव में मेरे पिता का नाम रणविजय सिंह है और मेरी माता का नाम विमलेश सिंह है। जिसे त्रुटि कागजातों में सही किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी– आदर्श प्रताप सिंह (फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोण्डा) मकान नं. 451, छेदी पुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश) 271002



## कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, जनपद–उन्नाव।

पत्रांक : 324/ई–नि0सू0/वं0यो0/15वों/ न0पं0 है0/2025–26 दिनांक 25–03–2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाथ में ई–टेण्डरिंग के अनतर्गत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि ''बंदन योजना'' के अनतर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत हैदराबाद में अवस्थित ठाकुरद्वारा मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के विकास एवं 15वीं वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई–निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्य हेतु ई–निविदा डाल सकता है। नगर में कराये जाने वाले कार्यो का विवरण ऑनलाइन http://eterider.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.03.2026 प्रात: 12 बजे से |
| (b) | वेबसाइड पर ऑनलाइन निविदा डाउन लोड की तिथि | 28.03.2026 प्रात: 12 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 17.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 17.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खेलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्त कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोले व निविदा डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हैदराबाद
उन्नाव

अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदराबाद
उन्नाव







यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

- महर्षि अरविन्द


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026



कानपुर के प्रमुख समाचार

- फर्जी डिग्री रैकेट में एक और आरोपी हत्थे चढ़ा -II
- विद्यार्थी जी को भारत रत्न दिया जाए -III
- भये प्रकट कृपाला, दीनदयाला... -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **कॉनक्लेव :** सीएसए में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमिता कॉनक्लेव एवं क्षेत्रीय ट्रेड शो दोपहर 12 बजे।
- **समारोह :** पीडीए परिवार का होली व ईद मिलन समारोह जीआईसी ग्राउंड चुन्नीगंज में दोपहर दो बजे।
- **रामोत्सव :** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर में रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शाम चार बजे।

# कानपुर-झांसी हाईवे को सिक्स लेन करने के लिए जल्द बनेगी डीपीआर

## सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दिए निर्देश, कंसल्टेंट तैनात करने की कवायद

**एनएच-27**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) को छह लेन मार्ग में बदलने का काम आगे बढ़ गया है। अभी यह सड़क फोरलेन है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से सैद्धांतिक सहमति मिलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की झांसी इकाई मौजूदा कानपुर-झांसी मार्ग का सर्वे पहले ही करा चुकी है। अब सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा परियोजना की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए जाने के बाद कंसलटेंट तैनात करने की कवायद शुरू कर दी गई है। डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण 2016 में हुआ था। बीते 10 साल में यातायात का दबाव इस मार्ग पर काफी बढ़ गया है। सड़क पर अधिकतर समय गिट्टी और मौरंग लदे ट्रकों की भरमार रहती है। झांसी, उरई से बड़े पैमाने पर ट्रक और डंपर आते हैं। इस कारण यह मार्ग बार-बार टूटता है। इस राजमार्ग पर हर दिन करीब एक लाख वाहन गुजरते हैं। प्रतिदिन दो करोड़ रुपये से अधिक टोल टैक्स की वसूली इस मार्ग पर होती है। बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण कालपी पुल पर अक्सर जाम लगता है। टोल प्लाजा पर भी जाम की समस्या कई बार आती है। ओवरलोड ट्रकों और डंपरों की वजह से झांसी की तरफ से आने वाली लेन कई जगह पर खस्ताहाल है, तो कई स्थानों पर बारी वाहनों के पहियों के दबाव से नाली जैसी बनी नजर आती है।

**जाम व दुर्घटना मुक्त होने से तीन घंटे में पूरा होगा सफर:** यह राजमार्ग सिक्स लेन होने से जाम और दुर्घटना मुक्त, तेज सफर की सुविधा मिलेगी। झांसी का सफर अधिकतम तीन घंटे में तय किया जा सकेगा। इस परियोजना से उरई, जालौन, कालपी सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उरई, जालौन, कोंच, कालपी को सीधा फायदा होगा।




### आठ लेन का होगा स्ट्रक्चर, भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ेगी

- सर्वेक्षण के मुताबिक मार्ग तो छह लेन का बनाया जाएगा, लेकिन जो स्ट्रक्चकर बनेंगे वह आठ लेन के हिसाब से होंगे, ताकि भविष्य में जरूरत पर दो लेन का और विस्तार किया जा सके। प्राधिकरण को सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अभी यह फोरलेन मार्ग 21.5 मीटर चौड़ा है। छह लेन सड़क के लिए 32 .5 मीटर भूमि की आवश्यकता पड़ती है, जबकि प्राधिकरण के पास 45 मीटर चौड़ाई में भूमि पहले ही उपलब्ध है। ऐसे में बिना भूमि अधिग्रहण के ही सड़क चौड़ीकरण हो जाएगा। भूमि अधिग्रहण न होने की वजह से सिर्फ निर्माण लागत ही खर्च होनी है। बजट कम होने से प्राधिकरण को वित्तीय मंजूरी में कोई दिक्कत नहीं आने का भरोसा है।

### सर्वे में तेज रफ्तार के लिहाज से हर बिंदु की हुई गहन मैपिंग

- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की झांसी इकाई ने अपने सर्वेक्षण में मार्ग पर औसतन छोटे- बड़े वाहनों की संख्या, तेज रफ्तार के उपाय, सिक्स लेन के लिए कितनी भूमि की आवश्यकता होगी, कितना खर्च आएगा जैसे बिंदुओं की प्रमुखता से मैपिंग की थी। इसमें सिक्स लेन निर्माण के दौरान 21 स्थानों पर ओवरब्रिज बनाना भी प्रस्तावित किया गया है। इस सर्वे का आकलन करने के बाद ही परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने का फैसला हुआ है। डीपीआर बनाने के लिए तैनात कंसलटेंट ही लागत का अंतिम आकलन करेगा। जानकारी के मुताबिक नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए डीपीआर बनाने के संबंध में झांसी के सासंद को पत्र भेजा है।



**जय श्री राम**

श्रीरामनवमी पर रावतपुर रामलला मंदिर से निकली शोभायात्रा में भव्य झांकियां शामिल रहीं। राधा-कृष्ण की झांकी ने सबका मन मोहा।

पैकेज पेज IV पर।

# खातों की जानकारी न देने पर मुकदमा

- श्यामनगर में लूटकांड के बाद हुए खुलासे का मामला

**चकेरी।** श्याम नगर में लूटकांड के बाद स्क्रैप व्यापारी महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी के खातों की जानकारी न देने पर पुलिस ने एचडीएफसी बैंक की लाल बंगला शाखा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा अन्य दो बैंकों से भी महफूज का कनेक्शन था। लेकिन अभी तक उन दोनों बैंकों ने भी खातों के लेनदेन की जानकारी पुलिस को उपलब्ध नहीं कराई है।

श्याम नगर में बीती 16 फरवरी को यशोदा नगर के वासिद व अरशद से 25 लाख की लूट हुई थी। दोनों जाजमऊ निवासी महफूज आलम उर्फ पप्पू छूरी के लिए काम करते थे। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लेकिन मामले की गहनता से जांच करने पर सामने आया था कि महफूज व उसके परिवार जिन 12 बैंकों 68 खातों 1600 करोड़ मिले हैं।

उसकी पुलिस गहनता से साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में तीन बैंकों एचडीएफसी बैंक की लाल बंगला शाखा, आईडीबीआई और एक्सिस बैंक को नोटिस भेजकर महफूज के खातों की जानकारी मांगी थी। लेकिन तीनों बैंकों द्वारा खातों की जानकारी न देने पर पुलिस ने रामादेवी चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार की तहरीर पर एचडीएफसी बैंक की लाल बंगला शाखा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं अन्य दो बैंकों से भी पुलिस को अभी जानकारी नहीं मिली है।

उन दोनों बैंकों पर भी मुकदमा दर्ज हो सकता है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि खातों की जानकारी उपलब्ध न कराने पर एचडीएफसी बैंक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### महावीर जयंती के अवकाश पर खुलेगी ट्रेजरी व बैंक

**कानपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए कानपुर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी किया है कि 31 मार्च (मंगलवार) को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद, जिले की सभी सरकारी कामकाज करने वाली बैंक शाखाएं और कोषागार (ट्रेजरी) कार्यालय खुले रहेंगे। यह निर्णय मार्च के अंतिम दिनों में सरकारी लेनदेन व क्लोजिंग कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि पर सुचारू कामकाज सुनिश्चित करें।

### कासगंज पैसेंजर अनवरगंज तक चलेगी

**कानपुर।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में कानपुर-लखनऊ खंड में स्लीपर बिछाने के लिए पुल संख्या 110 के मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण पूर्व में पूर्ण निरस्त गाड़ी संख्या 55345/55346 लखनऊ जंक्शन-कासगंज पैसेंजर को अब आंशिक रूप से बहाल करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 55345 लखनऊ से कासगंज पैसेंजर ट्रेन 2 अप्रैल से 14 मई के मध्य अनवरगंज से कासगंज के मध्य संचालित होगी। गाड़ी संख्या 55346 कासगंज लखनऊ पैसेंजर 1 अप्रैल से 13 मई 2026 के मध्य अनवरगंज से कासगंज के मध्य संचालित होगी।

### हैंडबॉल रेफरी परीक्षा

**कानपुर।** जिला हैंडबॉल एसोसिएशन 29 मार्च शाम 3 बजे शास्त्री नगर स्थित सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस में हैंडबॉल रेफरी परीक्षा करेगा। सचिव साधना मिश्रा ने समय पर उपस्थिति अनिवार्य बताई। इच्छुक प्रतिभागी अनुज सिंह चौहान से 7007036738 पर संपर्क कर सकते हैं।





मंदिर प्रांगण में गिरे पंडाल से क्षतिग्रस्त कारें और हादसा करने वाली बस रोकी गई। अमृत विचार

# बस की टक्कर से पंडाल गिरा, कारें टूटीं

- मोहन मंदिर प्रांगण में भंडारे के लिए लगाया गया था पंडाल
- टक्कर मारने वाली बस को पकड़ लिया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री सनातन धर्म सभा द्वारा गोविंद नगर स्थित मोहन मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया था। देर शाम एक टूरिस्ट बस ने पंडाल में टक्कर मार दी जिससे पंडाल गिर गया। पंडाल के नीचे खड़ी कई कारें क्षतिग्रस्त हो गयीं। टक्कर मारने वाली बस को पकड़ लिया गया है।

शुक्रवार को रामनवमी महोत्सव पर गोविंद नगर स्थित मोहन मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। देर शाम पंडाल के पास पहुंची एक टूरिस्ट बस ने पंडाल में टक्कर मार दिया जिससे पंडाल गिर गया जिसके नीचे खड़ी कई कारें क्षतिग्रस्त हो गयीं। कार्यक्रम आयोजकों ने बस को पकड़ लिया है। मोहन मंदिर प्रांगण में 78वां रामनवमी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया भंडारे का शुभारंभ कोपो स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर एवं पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय कपूर ने भगवान श्रीराम को भोग लगाकर किया। पुजारी राम कुमार पाठक, सुधीर झा, उदय चन्द्र झा ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। सनातन धर्म मोहन मंदिर के अध्यक्ष बलदेव राज मल्होत्रा, भारत भूषण कपूर, अनिल कूपर, सुनील दीक्षित, अनिल बजाज, अनिल यादव सभासद, नीरज चड्ढा, मयंक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# खंडहर हुए बीमा अस्पताल पर हलचल तेज

- शासन स्तर पर प्रक्रिया हुई शुरू मांगी जानकारी
- 367 करोड़ रुपये खर्च हो चुके पर अस्पताल हो गया खंडहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में खंडहर हो रहे निमार्णाधीन तीन सौ बेड के अस्पताल के संचालन की सुगबुगाहट फिर से होने लगी है। कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी द्वारा लोकसभा में प्रमुखता से उठाए गए इस मुद्दे के बाद शासन ने संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी मांगी है।

वर्ष 2009 से पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल के परिसर में 367 करोड़ से बन रही छह मंजिला इमारत का निर्माण कार्य आज भी अटका हुआ है। इसकी वजह से बीमित व्यक्तियों को इलाज के लिए हैलट, उर्सला, डफरिन, केपीएम, कांशीराम अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है। सांसद रमेश अवस्थी ने दिसंबर माह में लोकसभा में अस्पताल के नवीनीकरण एवं विस्तार कार्य में हो रही लापरवाही का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था और कार्य में अत्यधिक विलंब पर चिंता व्यक्त की थी। श्रम एवं रोजगार मंत्री से इस विषय पर ठोस कार्रवाई की मांग कर कहा था कि इस संबंध में एक संयुक्त समिति का गठन कर स्थानीय निरीक्षण कराया जाए और संपूर्ण जांच कराई जाए। इसको संज्ञान में लेकर शासन स्तर से इस संबंध में कागजी कार्यवाही शुरू हो गई है। ईएसआईएस निदेशक सौम्या पांडेय ने बताया कि शासन स्तर पर प्रोसेज प्रक्रियाधीन है। जल्द ही इसपर निर्णय लिया जाना है।

तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री दत्तात्रेय ने वर्ष 2016 में पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी थी। लेकिन कुछ समय बाद निर्माण एजेंसी ने काम बंद कर दिया। मंत्री ने रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2017 में यहां सुपर स्पेशलिटी मॉडल हॉस्पिटल बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। यह प्रस्ताव दिया था कि निर्माणाधीन अस्पताल को केंद्र सरकार को सौंप दिया जाए। बदले में राज्य सरकार चाहे तो जाजमऊ बीमा अस्पताल ले सकती है। लेकिन मामला लटका है।



बीमा अस्पताल परिसर में खंडहर हो रही बिल्डिंग। अमृत विचार

### ऐसे हुई है धन की बर्बादी

- 367 करोड़ रुपये खर्च, फिर भी अस्पताल का निर्माण अधूरा।
- 5 .5 करोड़ रुपये से बिजली के उपकरण, पैनल व ट्रांसफार्मर खरीदे।
- 18 टन सरिया बाहर पड़े गल रही और पानी से पिलर हो रहे कमजोर ।
- खरीदे गए नौ बड़े जनरेटर खुले में रखे-रखे जंक खा रहे है।
- 4 .5 करोड़ रुपये लॉड्री सेटअप में कर दिए खर्च।
- 40 फिट तक खोदाई कर तैयार किया बेस, भरा रहता पानी।

### अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित कीं खबरें

अमृत विचार ने ईएसआईसी अस्पताल की अधूरी पड़ी इस निर्माणाधीन बिल्डिंग और यहां पर रखे-रखे उपकरणों के खराब होने व उनमे जंग लगने आदि समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद यह मुद्दा पहले विधानसभा में गूंजा था और इसके बाद लोकसभा में इस मुद्दे ने हलचल मचाई। विधानसभा के अंदर सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी व विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने मामला उठाया था।

# सेंट्रल से कोलकाता के लिए साप्ताहिक ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन से कोलकाता के लिए साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन चलेगी जबकि कोलकाता से प्रत्येक शुक्रवार को कानपुर के लिए रवाना होगी।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04153 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से 2 अप्रैल से 25 जून 2026 तक चलती रहेगी। गाड़ी संख्या 04154 कोलकाता से 3 अप्रैल से 26 जून 2026 तक चलती रहेगी। इस गाड़ी में 2 पार्सलयान के अतिरिक्त सामान्य-05, स्लीपर-09, एसी तृतीय-02, एसी द्वितीय-01 डिब्बा होगा। गाड़ी संख्या 04153 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। फतेहपुर दोपहर 2 बजे, प्रयागराज 3.55 बजे, मिर्जापुर सायं 5.55 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रात 11 बजे, सासाराम रात 9 बजे, गया रात 10.35 बजे, धनबाद रात 00.35 बजे एवं कोलकाता प्रातः 7.50 बजे शुक्रवार को पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04154 कोलकाता से प्रातः 10.35 बजे रवाना होगी। आसनसोल दोपहर 2.45 बजे, धनबाद सायं 4.30 बजे, गया सायं 7.45 बजे, सासाराम रात 9.18 बजे, मिर्जापुर रात 00.10 बजे, प्रयागराज रात 2.10 बजे, फतेहपुर रात 3.28 बजे एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन प्रातः 7.10 बजे शनिवार को पहुंचेगी।



**तकनीक**

सीएसजेएमयू में अत्याधुनिक तीन लैब का उद्घाटन, छात्रों को मिलेगा ग्लोबल एक्सपोजर

# रूस की तकनीक की मदद से आसमान में उड़ेंगे शहर के ड्रोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के छात्र-छात्राएं अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तकनीक सीखकर ड्रोन और अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रशिक्षित होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलाजी (यूआईईटी) विभाग में शुक्रवार को एआईसीटीई से वित्त पोषित आइडिया लैब, आधुनिक साइबर सिक्योरिटी लैब तथा रूस के सहयोग से ड्रोन (यूएवी) लैब का शुभारंभ किया गया। यह पहल विश्वविद्यालय के साथ शहर के लिए तकनीकी विकास का नया अध्याय मानी जा रही है।

भारत-रूस तकनीकी सहयोग के तहत रूस की अग्रणी कंपनी जीयोस्कैन रशिया के साथ हुए समझौता ज्ञापन के फलस्वरूप स्थापित ड्रोन (यूएवी) लैब में छात्र ड्रोन की डिजाइनिंग और प्रोग्रामिंग सीखने के साथ एग्रीकल्चर, आपदा प्रबंधन और स्मार्ट सिटी जैसे प्रोजेक्ट्स में ड्रोन के इस्तेमाल का लाइव टेस्ट भी करेंगे। जीयोस्कैन रशिया के विशेषज्ञों से प्रशिक्षण, वर्कशॉप एवं तकनीकी सहयोग मिलने से ड्रोन डिजाइन, फ्लाइट ऑपरेशन, मैपिंग एवं डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों का विकास होगा। साइबर सिक्योरिटी लैब में छात्रों को एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और डेटा प्रोटेक्शन की ट्रेनिंग देकर एक्सपर्ट बनाया जाएगा, जबकि आइडिया लैब से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। छात्र अपने आइडिया को प्रोटोटाइप (मॉडल) में बदलकर स्टार्टअप की दुनिया में कदम रख सकेंगे।

उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि ये सभी लैब्स छात्रों को भविष्य की तकनीक से जोड़ने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन अब इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने, नियमित वर्कशॉप और प्रशिक्षण कार्यक्रम पर फोकस कर रहा है। छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप से जोड़ना लक्ष्य है। कार्यक्रम में रूस से आए तकनीकी विशेषज्ञ व्लादिमीर एवोनोफ और एलेक्सी ट्रुस्कोव के साथ ही कलाम एसपीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक सृजन पाल सिंह और इंडो-रशियन टेक्नॉलाजी हब के सीईओ देबजीत चक्रवर्ती, प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी, रजिस्ट्रार राकेश मिश्रा, यूआईईटी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

**आइडिया लैब: नवाचार और स्टार्टअप का केंद्र:** आइडिया, डेवलपमेंट, इवोल्युएशन तथा एप्लीकेशन पर आधारित यह लैब छात्रों को 'सीखो और बनाओ' के लिए एक ऐसा आधुनिक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी, जिससे वह अपने आइडिया को प्रोटोटाइप और प्रोडक्ट में बदल सकेंगे। लैब में छात्रों को थ्री-डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, आईओटी डिवाइस, एम्बेडेड सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।



लैब का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व अन्य अतिथि। अमृत विचार

### साइबर सिक्योरिटी लैब डिजिटल सुरक्षा में विशेषज्ञता

- यह लैब छात्रों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण और रिसर्च का अवसर प्रदान करेगी। लैब में हाई-परफॉर्मेंस सर्वर, सिक्योर नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित किए गए हैं। यहां वर्चुअल साइबर रेंज के माध्यम से रियल-टाइम अटैक और डिफेंस सिमुलेशन कराया जाएगा। यह लैब पुलिस, साइबर क्राइम यूनिट, बैंकिंग संस्थानों और अन्य एजेंसियों के लिए भी प्रशिक्षण और सुरक्षा ऑडिट का केंद्र बनेगी।

## सिटी ब्रीफ

### रंजिश में युवक पर चाकू से किये कई वार

**कानपुर।** चकेरी में रंजिश में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर युवक को बातचीत के लिए बुलाया। फिर मिलकर युवक को मारापीटा और चाकू से कई वार कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। अहिरवां निवासी सुनील कटेरिया पेंटर हैं। छोटे भाई राघवेंद्र ने बताया कि करीब छह माह पहले सुनील का इलाके के युवक से किसी बात पर विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों में मारपीट हुई थी। इसके बाद आरोपी सुनील से रंजिश रखने लगा। शुक्रवार शाम को आरोपी ने सुनील को मिलने के लिए संजीव नगर बुलाया। संजीव के पहुंचते ही आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे मारापीटा। चाकू से वार कर घायल कर दिया। जिससे सुनील सड़क पर गिर गया और आरोपी भाग निकले। सूचना पाकर राघवेंद्र मौके पर पहुंचा और भाई को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज प्रताड़ना पर ससुरालियों पर मुकदमा

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जूही पुलिस ने जनपद फतेहपुर थाना जाफरगंज गांव रेवरी बारा निवासी आशा वर्मा की शिकायत पर एम ब्लॉक नयापुरवा के उसके पति मोहन वर्मा और ससुरालजन मोहन वर्मा, ससुर सुरेश कुमार, जीजा संजय और ननद प्रीती, सोनम, काजल, प्रियंका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 23 फरवरी 2023 को हुआ था। शादी के बाद से पति और ससुरालजन लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे और मारपीट करते रहे। दहेज के लिए पहले 20 मार्च 2024 को उसे घर से निकाल दिया गया, बाद में लौटाया गया, लेकिन प्रताड़ना जारी रही। आरोप है कि पीड़िता को कमरे में बंद कर भूख-प्यास और शारीरिक उत्पीड़न झेलना पड़ा। 15 मई 2025 को पति और बहनों ने छत वाला पंखा उसके सर पर गिराया और इलाज नहीं कराया। 30 मई 2025 को ससुरालजन पीड़िता के पिता के पास आए और एक लाख रुपये और कार की मांग पर अड़े, जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की एक्टिवा स्कूटी भी ससुरालजन इस्तेमाल कर बार-बार चालान करवा रहे हैं। जूही थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज है और मामले की जांच जारी है।

### संत अविमुक्तेश्वरानंद बयान वापस लें

**कानपुर।** बीते दिनों संत अविमुक्तेश्वरानंद के द्वारा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्ग दर्शक एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार पर की गई टिप्पणी की मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने घोर निंदा की है। शुक्रवार को कानपुर प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने अपने बयान में कहा है कि संत अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार के खिलाफ दिया गया बयान निंदनीय है। उन्होंने देश में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने मांग की कि संत अविमुक्तेश्वरानंद अपने बयान को तत्काल वापस लें और देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता रहा है।

# फर्जी डिग्री व मार्कशीट सिंडिकेट का एक और आरोपी हत्थे चढ़ा

## एसआईटी ने नौबस्ता एलिवेटेड हाईवे से दबोचा, दो नाम और सामने आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट व डिग्री बनाने के मामले में एसआईटी ने सिंडिकेट से जुड़े एक और बिचौलिए को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी को नौबस्ता एलिवेटेड हाईवे से दबोचा। पकड़ा गया आरोपी चमनगंज का रहने वाला है, जो अलीगढ़ के जामिया उर्दू कालेज से 10वीं व 12वीं की मार्कशीट बनवाता था। पूछताछ में उसने कालेज से जुड़े एक और संविदाकर्मी शोएब का भी नाम बताया, जिसकी तलाश की जा रही है। एसआईटी का कहना है कि अलीगढ़ का संविदाकर्मी आरोपी के पकड़े जाने के बाद कालेज स्टाफ की भूमिका का पता चलेगा।

किदवईनगर पुलिस ने 18 फरवरी को जूही गौशाला स्थित शैल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कार्यालय में छापा मारकर फर्जी डिग्रियां व डिपलोमा बांटने के फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया था। मौके से पुलिस



पकड़ा गया शेखू उर्फ मो. अजहरुद्दीन।

- 12 हजार रुपये लेकर दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट बनवाता था आरोपी

ने नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों, यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज और अलीगढ़ के जामिया उर्दू कालेज की एक हजार से ज्यादा मार्कशीट व डिग्री बरामद की थीं। जिसमें बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलबी आदि की डिग्री के साथ हाईस्कूल व इंटर की मार्कशीट भी शामिल थीं। पुलिस ने चार आरोपियों गिरोह का सरगना शैलेंद्र कुमार ओझा, नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र, अश्वनी कुमार सिंह

### सीएसजेएमयू की दो डिग्रियां मिलीं फर्जी

- एसआईटी प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान सीएसजेएमयू की 371 डिग्रियां मिली थीं। सत्यापन में 369 डिग्रियां सही पाई गई हैं, जबकि दो डिग्री फर्जी मिलीं। इनमें एक बीए की है। फर्जी डिग्री के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। रिमांड पर आरोपियों को लेने के बाद फर्जी डिग्रियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

को पहले जेल भेजा। फिर नोएडा का विनीत को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इन सबकी गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से पूछताछ में चमनगंज निवासी शेखू उर्फ मो. अजहरुद्दीन खान का नाम सामने आया था, जो सरगना शैलेंद्र के लिए बिचौलिए का काम करता था। उसकी तलाश में लगी एसआईटी ने सर्विलांस टीम की मदद से लोकेशन के आधार पर उसे नौबस्ता एलिवेटेड हाईवे से गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी प्रभारी व एडीसीपी साउथ योगेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शैलेंद्र के लिए काम करने की बात कबूल की है। उसने बताया कि इलाके के ताबिश नामक युवक की मार्कशीट बनवाने के दौरान संपर्क में आया था। फिर उसके लिए काम करने लगा।

वह 10वीं व 12वीं की मार्कशीट बनवाता था। जिसके बदले में उसे 12 हजार रुपये मिलते थे। वह अलीगढ़ निवासी शोएब को 10 हजार रुपये देकर मार्कशीट बनवाकर शैलेंद्र को उपलब्ध करवाता था। इसके अलावा आरोवी के भोपाल की सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय से भी जुड़े होने की जानकारी मिली है। विश्वविद्यालय से संपर्क करके उसकी भूमिका के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं, शोएब की तलाश में टीमें लगाई गई है, जिसके पकड़े जाने के बाद कालेज स्टाफ की भूमिका के बारे में भी स्पष्ट जानकारी हो सकेगी।

### तमिलनाडु से नौकरी करने आए मजदूर की मौत

**कानपुर।** पनकी पावर प्लांट में काम करने वाला मजदूर गुरुवार सुबह अपने कमरे में बेसुध मिला। काम पर न पहुंचने पर उसका साथी देखने पहुंचा तो उसकी हालत देखकर समीप के निजी अस्पताल ले गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को अधेड़ का पोस्टमार्टम हुआ। तमिलनाडु के थन्वापुर एल्लई रयाम्मान कोविल स्ट्रीट गोपाला धन्वापुर वेस्ट निवासी 54 वर्षीय सोमासुंदरम अन्नामलाई पांच माह पहले पनकी पावर प्लांट में काम करने आया था। साथी मुर्मन ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे वह काम पर नहीं आया तो वह उसके कमरे पर देखने पहुंचे। जहां वह कमरे में अचेत मिला, इस पर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी ने बताया कि उसे शुगर व ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। परिजनों को सूचना देकर शव एंबुलेंस से ले जा रहे थे। तभी किसी ने बताया कि अगर वह उसे घर ले गए तो पोस्टमार्टम नहीं हो सकेगा। जिसके बाद वह झांसी से शव लेकर लौटकर आए और शुक्रवार शाम पोस्टमार्टम कराया गया। पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि विसरा सुरक्षित रखा गया है।



लोकार्पण समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## सलिल विश्नोई ने किया 20 ओपन जिम का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को विधायक सलिल विश्नोई ने 20 नए ओपन जिम का लोकार्पण किया। मुख्य कार्यक्रम नाना राव पार्क (फूलबाग) में हुआ, जहां विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। शहर में 20 जगह पर ओपन जिम खोली गई हैं। जिनमें नानाराव पार्क, फूलबाग मैदान, फीलखाना स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क, बिरहाना रोड मन्नीलाल पार्क, सरसैया घाट भागीरथी पार्क, माल रोड स्थित आदर्श व्यायामशाला, एसएन सेन बालिका कॉलेज, कान्यकुब्ज पब्लिक स्कूल, किदवई नगर राधामाधव पार्क, दर्शन पुरवा सेंट्रल पार्क, बर्रा तीन स्थित गायत्री पार्क, श्याम नगर स्थित ओमर वैश्य विद्यापीठ, सीसामऊ गोपाल पार्क, सूटरगंज दुर्गा पूजा पार्क, आनंदपुरी तिरंगा पार्क-1, तिरंगा पार्क-2, नेहरू नगर विवेकानन्द पार्क, इंदिरानगर स्थित बारातशाला पार्क, शिवराजपुर स्थित ग्राम टिकरौली, चुन्नीगंज स्थित बीएनएसडी इण्टर कॉलेज इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, डॉ. नीना अवस्थी, वैभव खण्डेलवाल आदि रहे।



चोरी की बाइकों के साथ पकड़े गए चोर। अमृत विचार

## पुलिस के हत्थे चढ़े तीन चोर फैक्ट्री में की थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रुपये व चोरी की दो बाइक बरामद, जिससे करते थे रेकी

**अमृत विचार।** गोविंदनगर पुलिस ने पनकी साइड-वन स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तीनों आरोपी गुजैनी अंडरपास के समीप पुलिस के हत्थे चढ़े। चोरों के पास से 5850 रुपये व पनकी में चोरी दो बाइकें बरामद की हैं। जिससे घूम-घूमकर शातिर रेकी करते थे।

बर्रा दो निवासी आलोक गुप्ता की पनकी साइट-वन में राधा इंटरप्राइसेस के नाम से प्लास्टिक का दाना बनाने की फैक्ट्री है। एसीपी बाबूपुरवा दिलीप कुमार ने बताया कि 12 मार्च की रात शातिरों ने फैक्ट्री में घुसकर मशीन की केबल, स्टार्टर, एलइडी टीवी और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके जरिए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गुरुवार रात गश्त के दौरान गुजैनी अंडरपास के पास दो बाइकों पर सवार तीन संदिग्धों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने भागने की कोशिश की। इस पर उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मूलरूप से बिठूर के बैकुंठपुर जो मौजूदा फजलगंज फायर स्टेशन के सामने रहने वाले अभिषेक उर्फ बबलू कुशवाहा, विजय नगर निवासी विवेक नागर और अमन चौरसिया के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने फैक्ट्री व पनकी में बाइकें चोरी की बात कबूली हैं। पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक पहले भी जेल जा चुका है।

## सिलाई कारीगर को पीटा दौड़ाकर चाकू मारे

**कानपुर।** बजरिया में पुरानी खुन्नस में महिला कांस्टेबल से लूट करने वाले शातिर ने सिलाई कारीगर को दौड़ाकर पीटने के बाद चाकू से कई वार किये। चीख-पुकार सुनकर लोगों के आने पर आरोपी साथियों के साथ फरार हो गया।

बेकनगंज के मुन्नापुरवा निवासी फरहान ने बताया कि 15 दिन पहले इलाकाई शयान रजा उर्फ शयान मिर्जा गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया था। गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे वह अपने दोस्त आफताब के साथ रूपम टॉकीज के सामने चाय पी रहा था। आरोप है कि इस दौरान शयान अपने आधा दर्जन साथियों के साथ आया और घेरकर गाली-गलौज की। विरोध पर दबंगों ने दौड़ाकर मारपीट की। इसके बाद हाथ व सीने में चाकू से प्रहार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। बतादें कि महिला थाने में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर पिंकी पाल से सीसामऊ के प्रेमनगर में बीती 28 दिसंबर को पर्स लूट हुई थी। इस मामले में शयान मिर्जा ने सरेंडर किया था।

## छात्रा समेत दो ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छात्रा ने फांसी लगाई, कैंसर मरीज युवक मालगाड़ी के आगे कूदा
- सेन पश्चिम पारा व हनुमंत विहार इलाके की घटना, मचा कोहराम

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार में बीएससी छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी। एकलौती बेटी का फंदे से शव लटका देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाया। परिजनों के अनुसार बेटी ने फांसी क्यों लगाई, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। वहीं सेन में कैंसर की बीमारी से पीड़ित युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी।

संजय गांधीनगर निवासी अखिलेश गुप्ता की 19 वर्षीय एकलौती बेटी ईशा बीएससी की छात्रा थी। शुक्रवार सुबह जब वह सोकर कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजन उसे जगाने गए। दरवाजा धकियाकर अंदर घुसे तो बेटी का शव फंदे से लटका देखकर सन्न रह गए। चींख-पुकार मचने पर परिजनों के साथ पड़ोसी एकत्र हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात ईशा ने परिवार के साथ खाना खाया था। उसने किसी तरह की परेशान या तनाव जाहिर नहीं किया। वहीं सेन पश्चिम पारा में मालगाड़ी के आगे कूदकर 45 वर्षीय राज कुमार तिवारी ने आत्महत्या कर ली। मूलरूप से घाटमपुर भीतरगांव के भदौउरा निवासी राज कुमार का आवास विकास में भी आवास है। जहां कई सालों से परिवार के साथ रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि परिवार में पत्नी क्षमा, शादीशुदा बेटी दिव्या व बेटा हर्षित है। राजकुमार कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। जिसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह वह घर से निकले थे। दो घंटे बाद परिजनों को रेलवे लाइन के किनारे उनका शव पड़ा होने की सूचना मिली। घरवालों के अनुसार उन्होंने बीमारी के चलते यह कदम उठाया है।

## रात 10 बजे तक चलेंगी ई बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के चलते अब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने की तैयारी है। शहर में दौड़ रही इलेक्ट्रिक बसों को अब मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने के साथ ही रात 10 बजे तक चलाने की तैयारी है। जल्द ही सौ अतिरिक्त बसें कानपुर को मिलने वाली हैं जिससे शहर के लोगों को गर्मी में एसी बसों से यात्रा करने का लुत्फ कुछ और ही होगा।

चकेरी स्थित विमान नगर में इलेक्ट्रिक बसों का डिपो है, वर्तमान में 93 ई बसें शहर के विभिन्न रूटों पर संचालित हो रही हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य युद्ध चल रहा है, ऐसे में गैस की कितनी



**93** ई बसें अभी विभिन्न रूटों पर चल रही हैं।

दुश्वारी है, सभी जानते हैं, ऐसे में विकल्पों को अपनाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही 100 ई बसें कानपुर को मिलने वाली हैं। अधिकारी प्रयास कर रहे हैं कि गर्मी से पहले ये बसें मिल जाएं।

इस संबंध में ई बसों के वरिष्ठ प्रबंधक संचालन अभिनव निगम का कहना है कि अभी बसें रात 8

- कानपुर को मिलने वाली हैं 100 बसें, गर्मी में एसी बसों का आनंद
- नौबस्ता, बारादेवी, जूही समेत कई मेट्रो स्टेशन से मिलेंगी

बजे तक संचालित हो रही थीं लेकिन इनका समय रात 10 बजे तक किया जाएगा ताकि रात में शहर के लोगों को संसाधन को लेकर परेशानी नहीं हो। ज्यादातर ई-बसों को मेट्रो स्टेशन से कनेक्ट किया जाएगा। वरिष्ठ प्रबंधक संचालन का कहना है कि मेट्रो का रूट निर्धारित है, मान लीजिए बारादेवी मेट्रो स्टेशन पर यात्री उतरेंगे और उन्हें किदवई नगर जाना है तो कैसे जाएंगे, इसके लिए ई बसें तैयार मिलेंगी ताकि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आए।

## भाजपा के पूर्व विधायक के शोरूम में हुई चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा के पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया के ई-बाइक शोरूम में चोरी हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो फुटेज में पेड़ पर चढ़कर शोरूम में घुसते चोर दिखा। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी है।

जरौली स्थित शांती इंक्लेव निवासी भाजपा के पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का हनुमंत के हमीरपुर रोड पर भदौरिया आटो मोबाइल्स के नाम से ई-रिक्शा और बाइक शोरूम है। जिसे उनके बेटे हिमांशु देखते हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार सुबह मैनेजर विकास सिंह तोमर शोरूम पहुंचा। इसके बाद शटर खोला तो उसके होश उड़ गए। शोरूम में सामान अस्त-व्यस्त व गुल्लक खुली पड़ी थी। पूर्व विधायक ने बताया कि गुल्लक में चार हजार के पुराने नोट रखे थे, जो गायब हैं। हनुमंत विहार थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में चोर खाली प्लाट में लगे नीम के पेड़ के सहारे छत से होकर शोरूम में घुसा है। मैनेजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।

## वीडियो वायरल के बाद ठग के खिलाफ मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी में ठग को महिला ने पकड़कर जड़े थे थप्पड़

**अमृत विचार।** चकेरी में लोगों को झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पीड़िता ने पकड़कर छह सेकेंड में नौ थप्पड़ जड़े थे और पुलिस के हवाले किया था। मामले में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। पुलिस ने आरोपी समेत नौ के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सनिगवां निवासी रवि श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि ओमपुरवा निवासी जगदंबा उर्फ कृष्ण प्रकाश सिंहानिया ने लोन करवाने, प्लॉट व मकान दिलाने समेत अन्य झांसा देकर लोगों से लाखों रुपयों की ठगी की थी। रुपये मांगने पर आरोपी ने धमकाया। बीती 15 मार्च को पीड़ितों ने कार सवार आरोपी सनिगवां को रास्ते में रोककर पीटा था। एक महिला ने आरोपी को छह सेकेंड में नौ थप्पड़ मारते हुए वीडियो भी वायरल किया था। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ितों से तहरीर न मिलने का हवाला देकर आरोपी पर शांतिभंग की कार्रवाई कर थी। आरोपी को 14 दिनों के लिए जेल भेजा था। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से मामले की शिकायत की। जिसके बाद उनके आदेश पर आरोपी जगदंबा उर्फ कृष्ण प्रकाश सिंहानिया समेत उनके साथियों निकिता वर्मा, हिमांशु राजपूत, कृष्णा राजपूत, विपिन उर्फ राजकुमार राजपूत, मोहम्मद इरफान उर्फ ठाकुर, लकी सिंह, करन वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी जगदंबा पीड़ितों से रकम ठगकर अपने साथियों के खातों में डलवाता था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी

**कानपुर।** चकेरी में सरकारी योजनाओं का झांसा देकर परचून दुकानदार से ठगी हुई। पीड़ित वृद्ध ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाल बंगला चरारी निवासी 68 वर्षीय राज नारायण सिंह के अनुसार घर पर ही उनकी परचून दुकान है। पीड़ित ने बताया कि दुकान में इलाके का दीपक वर्मा सामान लेने आता था। जिसके चलते उनकी जान पहचान हो गई थी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उन्हें बैंकों में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर रकम ली, मगर वापस नहीं किया। आरोपी को पता था कि बीमा व खेत बेचने के रुपये मिले हैं। इस पर वह उन्हें योजनाओं से लाभ के बारे में रोज बताकर झांसे में लिया। आरोपी ने 2023 से लेकर 2025 तक कई बार में उनसे साढ़े तीन लाख रुपये ले लिए। बेटे चरनजीत सिंह को भी कंपनी में वाहन लगवाने के नाम पर 2.81 लाख रुपये ठगे। ठगी का अहसास होने पर आरोपी की तलाश की तो पता चला कि वह कमरा खाली कर चला गया है। नंबर भी बंद बताने लगा।

**अवसर** | कानपुर क्लब कैंट में कल आयोजित किया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# पूर्व राष्ट्रपति की मौजूदगी में हेल्थ जांच व सलाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पारस हॉस्पिटल व आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ डॉक्टरों की देखरेख में डीएवी कॉलेज वालंटियरों ने डोर-टू-डोर जाकर सर्वे कर रोगियों की एक सूची तैयार की है। रोगियों के साथ ही शिविर में आने वाले अन्य लोगों को जांच व परामर्श की सुविधा रविवार को कानपुर क्लब कैंट में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मौजूदगी में मिलेगी।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को महसूस करते हुए एक निःशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य जांच व परामर्श के लिए शिविर आयोजन करने का संकल्प किया, जिसके संबंध में शुक्रवार को आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ.अवध दूबे ने कानपुर क्लब में बताया कि 29 मार्च को सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक कानपुर क्लब कैंट में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा,




शिविर की जानकारी देते डॉ.अवध दूबे, साथ में डॉ.एसके शर्मा, प्रो.अरुण दीक्षित, डॉ.वीके दूबे व अन्य। अमृत विचार

जिसमे 750 से भी अधिक लोगों को जांच व परामर्श पारस हॉस्पिटल व आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा दिया जाएगा। शिविर के बाद भी आवश्यकता अनुसार उपचार प्रदान किया जाएगा।

मोतियाबिंद मरीजों का आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा निशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड धारकों को निशुल्क ऑपरेशन सुविधा मिलेगी। शिविर में आने वाले व्यक्तियों को आने में दिक्कत न हो, इसलिए उनको ई-रिक्शा के माध्यम से गेट से शिविर तक पहुंचाया भी जाएगा। पारस हॉस्पिटल से डॉ.एसके शर्मा ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, दंत रोग, फेफड़े संबंधित दिक्कत, कैंसर, समान्य बीमारी व आहार-विहार समेत नौ प्रकार की बीमारियों की जांच व परामर्श की सुविधा होगी। इस दौरान डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो.अरुण दीक्षित, डॉ.वीके दूबे, पारस हॉस्पिटल से डॉ.एसके शर्मा, कानपुर क्लब के चेयरमैन राघवेंद्र चंद्र सेठ समेत आदि शिविर के सहयोगी रहे।

### सर्वे में सर्वाधिक 33 फीसदी मिले जनरल मेडिसिन के मरीज

- डॉ.अवध दूबे ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए डीएवी कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस और रोवर व रेंजर्स के वालंटियर्स की पांच टीमें गठित की गई हैं, जिनमे 10-10 वालंटियर्स शामिल हैं। टीम ने 23 मार्च से गोलाघाट, शक्ति चौराहा, तोप खाना, लाल कुर्ती व कानपुर रेजिडेंस में डोर-टू-डोर सर्वे किया, जिनमे 33 फीसदी मरीज जनरल मेडिसिन यानी खांसी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द आदि वायरल संबंधित बीमारी से ग्रस्त मिले। 23 फीसदी लोग आंख की समस्या, 17 फीसदी हड्डी रोग और 12 फीसदी लोग पेट की समस्या के मिले हैं, जिनकी जांच शिविर में की जाएगी। जांच के लिए शनिवार डीएवी में लोग सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक पंजीकरण भी करा सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### सतीश महाना ने दुकान में बनाई जलेबी

**कानपुर।** लालबंगला बाजार में शुक्रवार सुबह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक चुनचुन लस्सी चौराहे पर स्थित बाबा जलेबी भंडार पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से जलेबी बनाने वाला कपड़ा (लवती) लेकर खुद जलेबी बनाई। संचालक लक्ष्मी शंकर गुप्ता ने बताया कि करीब 1 किलो जलेबी खुद बनाई।

### छह अप्रैल को जनसुनवाई

**कानपुर।** उप्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा केस्को के वित्तीय वर्ष 2026-27 के सकल राजस्व आवश्यकता व टैरिफ, वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक परफॉर्मेंस रिव्यू और वित्तीय वर्ष 2024-25 के टू-अप याचिका के संबंध में छह अप्रैल को जनसुनवाई होगी। इस जनसुनवाई का आयोजन आर्य नगर स्थित टीएचएस पालिका में आयोजित की जाएगी। केस्को की आम नागरिकों, उपभोक्ताओं, सामाजिक संगठनों व संबंधित क्षेत्रों के लोगों के से अपील है कि जनसुनवाई में प्रतिभाग जरूर करें।

### लाइन टूटने से चली गई बिजली

**कानपुर।** केस्को के बिजलीघर उपकेंद्र से जुड़े 11केवी ओल्ड-26 व न्यू-26 फीडरों से जुड़े आवासों व दुकानों की बिजली शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे गुल हो गई। सूचना पर पहुंची केस्को टीम को एचटी एबीसी व एलटी एबीसी लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी हुई। केस्को टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया और दोपहर दो बजे तक मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली आ सकी, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### आज यहां गुल रहेगी बिजली

**कानपुर।** केस्को के अंतर्गत अशोक नगर, हर्ष नगर व रमजानी चौराहा क्षेत्र में बिजली सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा शास्त्री नगर दस दुकान व चैन फैक्ट्री में बिजली सुबह साढ़े नौ बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक, किदवई नगर, के, एच व वाई-ब्लॉक, साकेत नगर, उदय नगर, विराट नगर, नौबस्ता मार्केट में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक, आर्य नगर, ग्वालटोली, खलासी लाइन व गंगोत्रा में बिजली सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक गुल रहेगी।

# कॉनक्लेव में टेराकोटा की ज्वेलरी, मिलेट्स की कुकीज

## सीएसए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उद्यमिता कॉनक्लेव की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में शुक्रवार को तीन दिवसीय उद्यमिता कॉनक्लेव की शुरुआत हुई। कॉनक्लेव में लगभग 150 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉल में एमएसएमई सेक्टर से जुड़े उद्यमियों ने अपने उत्पाद को प्रदर्शित किया। इस दौरान कई नए उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें टेराकोटा की ज्वेलरी, मिलेट्स की कुकीज जैसे उत्पाद प्रमुख रहे। आयोजन के दौरान सीएसए विवि का तीन संस्थानों के साथ एमओयू भी हुआ।

उद्यमिता कॉनक्लेव में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई एवं कृषि के संयुक्त तत्वाधान में युवाओं को नए सेक्टर में रोजगार के सृजन होंगे। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से नवोन्मेषी विकसित प्रजातियां के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल और उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।



समारोह में मौजूद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान आदि। अमृत विचार

### 6 फ्लेवर के शहद

- कॉनक्लेव में शहर के मलकियत सिंह ने अपने कृषि उत्पाद छह फ्लेवर के शहद प्रोडक्ट को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि यह सभी प्रोडक्ट उनके शहर स्थित फॉर्म में तैयार किए जाते हैं। इनमें सरसो, कीकर, लीची, बेरी, मल्टीफ्लोरा व कश्मीरी हनी शामिल है। इस प्रोडक्ट को वे निर्यात करने की योजना बना रहे हैं।

### टमाटर खरीदने का झंझट खत्म

- कॉनक्लेव में सीएसए विवि के छात्रों ने प्याज और टमाटर का पाउडर तैयार कर उसे प्रस्तुत किया। छात्र समीर पाल और वैभव अग्निहोत्री के स्टार्टअप की खास बात यह है कि इस पाउडर को खरीदने के बाद टमाटर और प्याज को खरीदने और उसे काटने का झंझट खत्म हो जाएगा। यह पाउडर खासतौर पर घर से दूर रह रहे युवा, कॉरपोरेट ऑफिस की मेस और बहुमंजिला इमारत में रह रहे परिवारों के लिए तैयार किया गया है।

### ज्वेलरी ने मन मोहा

कॉनक्लेव में श्रुति मिश्रा टेराकोटा की ज्वेलरी लेकर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि इन ज्वेलरी में सबसे अधिक डिमांड कान और गले की ज्वेलरी की है। ज्वेलरी के लिए वे माटी कुम्हारों से लेती हैं। बताया कि उनकी ज्वेलरी की शुरुआत 20 रुपये से होती है और 350 रुपये तक इसकी रेंज है। यह भी बताया कि अब तक उनकी तैयार की गई ज्वेलरी कनाडा, लंदन और अमेरिका तक जा जा चुकी है। यह ज्वेलरी पूरी तरह से हैंडमेड है।




ज्वेलरी दिखाते उद्यमी। अमृत विचार

### मिलेट्स की कुकीज

कॉनक्लेव में सीएसए विवि के पीएचडी स्कॉलर ने भी अपने मिलेट्स के उत्पादों को प्रदर्शित किया। छात्रा स्वप्निल चंद्रा, शानिया मुस्तफा व दीपाली गोंड के बनाए मिलेट्स के उत्पादों को सराहना मिली। इनमें लड्डू, कप केक, कुकीज, एनर्जी बार शामिल है। छात्राओं की ओर से चटनी पाउडर भी तैयार किया गया। इस पाउडर को पानी व घी मिलाकर तुरंत ही चटनी का रूप दिया जा सकता है।



कुकीज दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

### आईआईटी के साथ एमओयू

- तीन दिवसीय विभिन्न उद्यमों के स्टॉल प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर वैज्ञानिकों की तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में सीएसए विवि के कुलपति के विजयेन्द्र पांडियन की मौजूदगी में एचबीटीयू, आईआईटी कानपुर एवं एफएफडीसी कन्नौज के साथ विश्वविद्यालय ने एमओयू साइन किये। इस अवसर पर एमएसएमई एवं कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के इतिहास पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में एचबीटीयू के कुलपति प्रोफेसर शमशेर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक नीलिमा कटियार, निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ कौशल कुमार, डॉ महक सिंह, डॉक्टर आरके सिंह तथा उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर संजय सिंह सहित कई अधिकारी और वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### 19 लाख को दिया लोन

- कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में 19 लाख 40 हजार युवाओं को ऋण देकर स्वावलंबी बनाया गया है। इस तीन दिवसीय उद्यमिता कॉनक्लैव में मैन्युफैक्चरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, तथा टेक्सटाइल सहित अन्य तकनीकियों पर चर्चा होगी।

# कानपुर होते हुए गोमती नगर से बांद्रा की साप्ताहिक ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन गोमती नगर (लखनऊ) से बांद्रा टर्मिनल के लिए विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 05033 गोमती नगर से प्रत्येक सोमवार को 6 अप्रैल से 13 जुलाई 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनल प्रत्येक मंगलवरा को 7 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक चलेगी। इस गाड़ी में 2 पार्सल, सामान्य-04, स्लीपर-06, एसी द्वितीय-02, एसी तृतीय-08 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 05033 गोमती नगर से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। बादशाह नगर 2.31 बजे, ऐशबाग 3.15 बजे, कानपुर सेंट्रल दोपहर 3.25 बजे, इटावा रात 8.53, टूंडला रात 10.42 बजे, ईदगाह आगरा रात रात 00.34 बजे, कोटा रात 3.55 बजे, सूरत दोपहर 3.47 बजे, बांद्रा रात 8 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनल से रात 11 बजे रवाना होगी। सूरत रात 3.30 बजे, रतलाम प्रातः 9.45 बजे, कोटा दोपहर 2.35 बजे, बयाना सायं 6.15 बजे, ईदगाह आगरा रात 8.32 बजे, टूंडला रात 10.35 बजे, इटावा रात 00.08 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन रात 3.25 जबे, गोमती नगर प्रातः 7.45 बजे पहुंचेगी।

## सोनिया के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना

**कानपुर।** कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा पार्टी मुख्यालय तिलक हाल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जल्द स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय सार्वजनिक जीवन में लौटने के लिए सर्वधर्म प्रार्थना की गई। तिलक हाल में हिंदू व मुस्लिम, सिख ईसाई समाज के लोगों ने एकत्र होकर अपने-अपने तरीके से ईश्वर से प्रार्थना की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता निजामुद्दीन खां, शंकर दत्त मिश्रा, सैमुअल लकी सिंह, इकबाल अहमद, शांतनु दीक्षित, प्रतिभा अटल पाल, रितेश यादव ,तंमय श्रीवास्तव, एमराना खान, अवनीश सलूजा आदि रहे।

# उन्नाव बनेगा यूपी क्रिकेट का नया पावर हाउस

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- यूपीसीए का नए स्टेडियम में होगा अपना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
- कमला क्लब की जगह मुतर्जा नगर में संवरेगा भविष्य

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) अपने ऑपरेशंस को नया विस्तार देने जा रहा है। ऐतिहासिक कमला क्लब की लीज समाप्त होने के बाद, अब उन्नाव जिले का मुतर्जा नगर गांव प्रदेश की क्रिकेट गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा। यूपीसीए यहां 13 हेक्टेयर जमीन पर बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर एक अत्याधुनिक क्रिकेट सेंटर स्थापित कर रहा है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के सुझाव पर इस सेंटर को विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। जो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग और सुविधाएं प्रदान करेगा। यहां खिलाड़ियों के कौशल विकास के साथ-साथ उनके फिटनेस और रिकवरी पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### नए सेंटर पर खिलाड़ियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

- विश्व स्तरीय पिचें : अभ्यास और मैचों के लिए विशेष रूप से लाल और काली मिट्टी की पिचें तैयार की जाएंगी
- आधुनिक रिहैब सेंटर : चोटिल खिलाड़ियों के उपचार और वापसी के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर की सुविधा
- आवासीय व्यवस्था : लगभग 150 खिलाड़ियों के ठहरने के लिए हॉस्टल और गेस्ट हाउस बनाया जाएगा
- विशेषज्ञ कोचिंग : बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के लिए अलग-अलग कोच होंगे
- ट्रेनिंग स्टाफ : खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए उच्च स्तरीय फिजियो और प्रोफेशनल ट्रेनर्स
- अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर : अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली बाउंड्री वॉल, ड्रेनेज सिस्टम और प्रैक्टिस नेट्स

### कानपुर में ही रहेगा मुख्यालय, ट्रायल के लिए ग्रीनपार्क का विकल्प

- हालांकि क्रिकेट की जमीनी गतिविधियां उन्नाव शिफ्ट हो रही हैं, लेकिन यूपीसीए का आधिकारिक मुख्यालय फिलहाल कानपुर में ही बना रहेगा। कमला क्लब खाली होने की स्थिति में आगामी सीजन के स्टेट ट्रायल के लिए ग्रीनपार्क स्टेडियम का उपयोग किया जाएगा। साथ ही, वर्षों से जुड़े कर्मचारियों के लिए भी स्थायी विकल्प तलाशे जा रहे हैं। यूपीसीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्नाव डीएम गौरांग राठी के सहयोग से मुतर्जा नगर में बाउंड्री वॉल और मैदान का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर भगवामय होगा क्षेत्र

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाने जा रही है। क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित मॉनिटरिंग टोली की बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन के प्रति अटूट समर्पण और जन-सेवा का संकल्प दिवस होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में पार्टी के पास 20 लाख पंजीकृत सदस्य, 20,845 बूथ अध्यक्ष और प्रत्येक जिले में 90 सदस्यीय मजबूत कार्यकारिणी है। स्थापना दिवस के अवसर पर इन सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के घरों पर अनिवार्य रूप से भाजपा का झंडा फहराया जाएगा।



**20** लाख घरों पर फहराएगा पार्टी का झंडा

**20845** बूथ अध्यक्षों के साथ समन्वय टीम बनी

### भव्य सजावट और मन की बात का संगम

- स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सभी क्षेत्रीय और जिला कार्यालयों को बिजली की झालरों और फूलों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही, जिन मंडलों में 28-29 मार्च को प्रशिक्षण वर्ग निर्धारित हैं, वहां 29 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना जाएगा। प्रशिक्षण टोली को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि शेष बचे मंडलों में कार्यकर्ताओं का रात्रि प्रवास अनिवार्य रूप से हो, ताकि संवाद और सांगठनिक ढांचा और अधिक सुदृढ़ हो सके।

- हर जिले की 90 सदस्यीय कार्यकारिणी को जिम्मेदारी

### जिम्मेदारी और समन्वय

- कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी 17 जिलों में तीन प्रमुख पदाधिकारियों को संयोजक एवं सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, रीता शास्त्री सहित मोहित सोनकर, हर्ष द्विवेदी, पवन पांडे, आलोक शुक्ला, सचिन गौड़, अर्शी सुल्तान और सौरभ कमल जैसे प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बूंदाबांदी से तापमान घटा

**कानपुर।** शहर में पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव हुआ। कई इलाकों में बारिश व बूंदाबादी भी हुई। इसके चलते अधिकतम तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शुक्रवार को मौसम में बदलाव की वजह से यह गिरकर 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि शहर में एक से दो दिन के भीतर दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में परिवर्तन संभव हो सकता है। शनिवार को भी हल्के बादल रहने की संभावना है।

# टैंकर लीक, लोगों ने पेट्रोल लूटा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी बायपास पर रतनलाल नगर स्थित लोहे के पुल के नीचे एक एचपीसीएल का पेट्रोल से भरे टैंकर में किसी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण टैंकर के पिछले हिस्से से पेट्रोल का रिसाव होने लगा है। मौके पर पहुंचे लोग बाल्टियों में पेट्रोल भरकर भागने लगे। चालक की सूचना पर पुलिस और फायर विभाग की टीम पहुंची और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर उसे रवाना किया। इस दौरान हाईवे पर जाम लगा रहा।

पुलिस के अनुसार टैंकर रायपुर से शिवराजपुर ले जाया जा रहा था। तभी ट्रक की टक्कर से टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्थान पर अस्थायी रूप से कच्चा साबुन लगाकर लीकेज को बंद किया गया। साथ ही अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) को भी मौके पर बुलाया गया।

एचपीसीएल के सीनियर मैनेजर नीलभ मौके पर पहुंचे। टैंकर चालक मुन्ना प्रसाद ने पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। एचपीसीएल के अधिकारी द्वारा टैंकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। साथ ही सड़क पर गिरे हुए पेट्रोल को पानी डालकर निष्प्रभावी किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की आगजनी की संभावना को समाप्त किया जा सके।



टैंकर को धक्का लगाकर हटाया गया। अमृत विचार

नमन | सांसद रमेश अवस्थी ने लोकसभा में जोरदारी से उठाई मांग

# विद्यार्थी जी को भारत रत्न देकर संसद परिसर में लगाएं प्रतिमा

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सांसद रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को लोकसभा में शहर के शहीद शिरोमणि महान पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न दिए जाने की मांग जोरदारी से उठाई। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थी जी की प्रतिमा संसद और उत्तर प्रदेश विधानसभा परिसर में स्थापित करने की मांग भी की।

शहर के सांसद ने संसद में विद्यार्थी जी के कद, योगदान और महत्ता को देखते हुए उन्हें भारत रत्न सम्मान देने, संसद और विधानसभा परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई। इसके साथ ही बलिदान स्थल पर स्मृति स्तंभ और स्मारक बनाने, प्रताप अखबार की इमारत का जीर्णोद्धार कर वहां पत्रकारिता संग्रहालय बनाने और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग की।

अवस्थी ने कहा कि विद्यार्थी जी का देश की आजादी में बड़ा योगदान है। अपने अखबार प्रताप के जरिये उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं।

महात्मा गांधी सहित कई बड़े नेता और क्रन्तिकारी उनसे विचार-विमर्श के लिए प्रताप अखबार की बिल्डिंग में प्रवास करते थे। आज़ादी के संघर्ष में वह कई बार जेल गए। 25 मार्च 1931 को कानपुर में भड़के दंगे के दौरान लोगों की जान बचाते हुए शहीद हो गए थे। उनकी शहादत पर महात्मा गांधी ने कहा था कि 'गणेश शंकर विद्यार्थी की ऐसी मृत्यु से मुझे ईर्ष्या होती है, काश मुझे भी ऐसी मौत मिल सके।'

सांसद रमेश अवस्थी अपनी मांग के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पहले भी अनुरोध कर चुके हैं। भाजपा नेता शैलेन्द्र दीक्षित ने उनके प्रयासों की प्रशंसा की है।



संसद में मांग करते रमेश अवस्थी।



गणेश शंकर विद्यार्थी जी।

- बलिदान स्थल पर स्मृति स्तंभ और स्मारक बनाया जाए
- प्रताप अखबार की बिल्डिंग को बनाएं पत्रकारिता संग्रहालय



वायदे तो खूब हुए, मगर नहीं बन सका विद्यार्थी जी का स्मारक

अमृत विचार ने चलाया था अभियान।

**25** मार्च 1931 को शहीद हुए थे विद्यार्थी जी



यहां की माटी चंदन, बलिदान स्थल बने तो देश करे वंदन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### सराहना और समर्थन

सांसद रमेश अवस्थी ने विद्यार्थी जी को भारत रत्न देने और उनके बलिदान स्थल पर स्मृति स्तंभ लगवाने की जो मांग उठाई है, हम उसका समर्थन और सराहना करते हैं। निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण होगा।

**-पवन गुप्ता, अध्यक्ष-शहर कांग्रेस कमेटी**

### बड़ी बात, बढ़िया कदम

विद्यार्थी जी के लिए जैसी मांग सांसद ने की है, वह बेहद सराहनीय है। उनकी मांग के मुताबिक अगर ऐसा हो जाए तो बड़ी बात होगी।

**-अमिताभ वाजपेई, विधायक, समाजवादी पार्टी**

### विद्यार्थी जी को जानिए

- 26 अक्टूबर 1890 को प्रयागराज में जन्म, पैतृक गांव हथगाम में शुरुआती शिक्षा, ग्वालियर में भी पढ़ाई, 1908 में कानपुर आए, यहां करेंसी दफ्तर में नौकरी, पीपीएन कालेज में अध्यापक, 1913 में साप्ताहिक प्रताप अख़बार का प्रकाशन, जो 1920 में दैनिक हुआ, मजदूर सभा और गणेश सेवा आश्रम की स्थापना, 1926 में विधान परिषद सदस्य, फिर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष, झंडा गीत के प्रणेता।

## पुलिस कब्जा दिलाने गई, युवक आग लगाकर नहर में कूदा

**कानपुर।** हनुमंत विहार के बौद्ध नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर को पुलिस मकान पर कब्जा दिलाने पहुंची, तो घर के स्वामी 40 वर्षीय बृजेश मिश्रा उर्फ रामजी ने विरोध जताते हुए खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क आग लगा ली और पास की नहर में कूद गया। जबकि उसके भाई मुकेश का आरोप है कि पुलिस ने उसको नहर में फेंक दिया। युवक को नहर से बाहर निकाला गया और कांशीराम अस्पताल भिजवाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। थाना प्रभारी हनुमंत विहार एसओ राजीव सिंह ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश के तहत कब्जा दिलाया। बौद्ध नगर के इस मकान में चार अविवाहित भाई राजेश, राकेश, बृजेश उर्फ रामजी और मुकेश रहते हैं। इनके पिता आदित्य ने अपने जीवित रहते रतनलाल नगर की बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से दो दशक पूर्व दो लाख रुपये का लोन लिया था, जो ब्याज समेत पांच लाख हो गया।

# शादी के लिए परेशानी कैटरिंग हो गई महंगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- जिसके नाम कनेक्शन उसी के आने पर की जा रही केवाईसी
- शादी और अन्य समारोहों का बढ़ गया खर्च

**अमृत विचार।** गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें उन लोगों की भी है जो अपने पिता, माता, भाई की जगह सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। एजेंसी में लंबे समय बाद पहुंच रही कूपन बुक की केवाईसी कराई जा रही है। केवाईसी में उन्हीं को लाने को कहा जा रहा है जिसके नाम गैस कनेक्शन हैं। ऐसा नहीं पाए जाने पर लोगों को वापस किया जा रहा है। इसी के साथ उन लोगों की भी समस्या बढ़ गई है जिनके घर शादी है। सबसे ज्यादा दिक्कतें लड़की पक्ष के घरवालों को आ रही है। बरातियों के स्वागत के लिए सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।

हलवाई खाद्य सामग्रियों की सूची के साथ प्रयोग में लाए जाने वाले सिलेंडर के लिए विशेष रूप से कह रहे हैं। समस्या के बीच होटल व गेस्ट हाउस में कैटरिंग सर्विस देने वाली फर्मों ने अपने शुल्क को बढ़ाया है। रतनलाल नगर के विजय कैटर्स सर्विस के मैनेजर ने बताया कि बाजारों से पकवानों का कच्चा माल तो आसानी से आ जाएगा लेकिन सिलेंडर की मारामारी रहने से दो दिन पहले ही इंतजाम करने को कहा गया है। जो लोग सिलेंडर का इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं तो उन लोगों से कहा गया है कि पैसे बढ़ा कर देने पर सारी व्यवस्था कर दी जाएगी।

सिलेंडर के इंतजाम के कारण ही शादी-समारोह, जन्मदिन, मुंडन, जनेऊ, भंडारे का खर्च 3500-300000 से बढ़कर 20 फीसदी महंगा हो चुका है। गुजैनी आंबेडकर नगर निवासी लक्ष्मी ने बताया कि अगले माह उनकी बेटी की शादी है। सिलेंडर के इंतजाम के लिए लोगों से बोल रहे हैं लेकिन मायूसी सुनने को मिल रही है।



श्री राम जी की शोभायात्रा में बैंड की धुन पर गाए गए भजन। अमृत विचार



श्री रामलला मंदिर में आरती करतीं विधायक नीलिमा कटियार, महापौर प्रमिला पांडे आदि। अमृत विचार



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी शोभायात्रा में शामिल हुए। अमृत विचार

# भये प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौसल्या हितकारी

## श्री राम नवमी पर शुक्रवार को शहर में निकलीं अनेक शोभायात्राएं, हजारों भक्तों ने जयघोष किया, जगह-जगह की गई आरती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राम नवमी पर शुक्रवार को शहर में शोभा यात्राएं निकाल प्रभु के समक्ष भक्ति भावना प्रस्तुत की। भक्तों ने जयकारे लगाकार आह्वान किया। कई स्थानों पर आरती भी की गई। छतों से फूल बरसाकर यात्रा को भव्य बनाया गया। भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी... जैसे भजनों के बीच नृत्य कर चल रहे भक्तों ने माहौल को भव्य कर दिया। यात्रा में झांकियों के माध्यम से प्रभु की लीला को प्रस्तुत किया गया। देर रात तक प्रसाद वितरित किया गया।

रावतपुर गांव स्थित श्री राम लला मंदिर से शोभा यात्रा निकली। शोभायात्रा में आतिशबाजी, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। शोभायात्रा में भगवान राम, सीता माता, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य प्रतिमाओं को रथों पर विराजमान किया गया। यात्रा रावतपुर के मुख्य बाजारों और गलियों से गुजरती हुई मंदिर पहुंची, जहां भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की थाप ने माहौल को भक्तिमय और ऊर्जामय कर दिया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ब्रह्म नाद के स्वर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावतपुर के सभी बाजारों, गलियों और चौराहों को फूलों, फलों, भगवा ध्वजों, रोशनी की गुच्छों और तोरण द्वारों से सजाया गया। रंगोली और फूलों की मालाओं से रास्ते सजाए गए। महोत्सव के दौरान समिति के संस्थापक अवध बिहारी मिश्रा,अध्यक्ष डॉ. उमेश पालिवाल ,महामंत्री विनय ,कोषाध्यक्ष ओम मिश्रा ,उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, सचिव अजय तिवारी, संयोजक पंकज गुप्ता , गगन बाजपेई और कार्यकारिणी सदस्य राजेश सिंह, अनिल यादव, संजय मिश्रा, रवि शर्मा, दीपक पांडेय और नेहा श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**सिविल डिफेंस रहा मुस्तैदः** जुलूस में चीफ वार्डेन राजीव सिंह और डिप्टी चीफ वार्डन आशीष बाजपेयी के नेतृत्व में 150 वॉलंटियर्स तैनात रहे। पुलिस कमिश्नर,विधायिका नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी ने सराहना की। डिप्टी कंट्रोलर शिवराज सिंह, धनंजय सिंह, बृजेंद्र अग्निहोत्री, मनोज कुमार सिंह, अब्दुल सलाम जाफरी, आलोक मालवीय, संजय सिंह, स्वतंत्र कुमार सिंह, कुमारी खुशी, धनजंय सिंह, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, बृजेंद्र अग्नीहोत्री, हंसराज यादव, समीर जाफरी आदि मौजूद थे।



श्री रामलला मंदिर रावतपुर से विशाल शोभायात्रा निकली जिसमें हजारों भक्त उमड़े। अमृत विचार

### धर्मगुरु भी हुए शामिल

शोभा यात्रा में स्वामी अरुणपुरी चेतन्य जी महाराज, स्वामी उदितानंद जी महाराज,महंत अरुण भारती महाराज, महंत राम गोविंद दास महाराज, महंत कृपाशंकर,महंत जितेन्द्र दास ,महंत आशुतोष गिरी,महंत ईश्वर गिरी सहित अन्य धार्मिक गुरु भी मौजूद रहे।

### राम जी निकली सवारी...

- प्रभु राम जन्मोत्सव पर श्री राम नवमी महोत्सव समिति शिवाला की ओर से शोभायात्रा राम गोला रामचौक मेस्टन रोड से निकाली गयी। शोभा यात्रा की शुरुआत मुख्य रथ राम दरबार विग्रह की आरती समाजसेवी गोल्डी समूह के सुरेन्द्र गुप्ता ने आरती कर की। यात्रा में लक्ष्मी विष्णु की झांकी, मेहर बाबा की झांकी, शिव परिवार की झांकी, दुर्गा जी का रथ, श्री नाथ जी की झाकी, परशुराम लक्ष्मण संवाद की झाकी,हनुमान जी दर्शन सहित अन्य झांकियां शामिल रहीं। राम जी निकली सवारी राम जी की लीला है न्यारी... जैसे भजनों के बीच भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। शोभा यात्रा रामचौक से शुरू होकर बड़ा चौराहा, षिवाला, कमलाटावर, नयागंज, हूलागंज, भूसाटोली, नागेष्वर मन्दिर किराना बाजार, जनरलगंज, मनिराम बगिया, मेस्टन रोड चौक सर्राफा होते हुये राम गोले पहुंची। जगह जगह राम यात्रा के ऊपर पुष्प वर्षा कर भक्तों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा में विजय गुप्ता, दीप कुमार ओमर, भूपेन्द्र गर्ग, विनोद गुप्ता, देवा कुमार ओमर, आकाश ओमर, विश्वनाथ गुप्ता, हरिओम अग्रहरी रहे।



शिवाला से निकली शोभायात्रा में विराजमान भगवान। अमृत विचार



शोभायात्रा में व्यापारी नेता भी शामिल हुए। अमृत विचार



भगवान की आरती की गई। अमृत विचार



माता के भक्तगण सांग लगाकर चले। अमृत विचार



जगह-जगह से निकले जवारे। अमृत विचार

# देवी कृपा पाने के लिए मंदिरों में भक्तों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र पर शुक्रवार को शहर के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। शाम को देवी मंदिरों में कृपा पाने के लिए भक्तों ने दर्शन व पूजन किया। रौशनी से सजे मंदिरों की छटा निराली लग रही थी। उधर नवमी पर सुबह भक्तों की ओरसे देवी मां का पूजन कर कन्या भोज किया गया। माता रानी के समक्ष पारंपरिक जवारे भी निकले।

घरों में पूजन के साथ ही हवन व आह्वान भी हुआ। इसके बाद कन्या खिलाकर भक्तों ने व्रत को पूर्ण किया। घरों के साथ ही शहर के मंदिरों में भी सामूहिक कन्या भोज भी किया गया। आर्य नगर, स्वरूप नगर,तिलक नगर में सोसाइटी ने एक साथ मिलकर कन्याओं का पूजन किया। शाम को देवी मंदिरों में भक्तों ने हाजिरी लगाई। तपेश्वरी देवी मंदिर,बारादेवी मंदिर, चंद्रिका देवी मंदिर, अशोक नगर दुर्गा मंदिर, काली मंदिर बंगाली माहौल व बुद्धादेवी मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। तपेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र की शुरुआत में अंखड ज्योति प्रज्वलित करने वालों भक्तों ने विशेष पूजन के जरिए मान्यता के दीपक को पूर्ण किया। चंद्रिका देवी मंदिर में भंडारा करा कन्याओं का पूजन किया गया।

काली मंदिर बंगाली मोहाल में नवरात्र के पूर्ण होने पर भक्तों की ओर से पारंपरिक देवी मां को पसंद गुड़हल के फूलों की बनी माला अर्पित की गई। उधर शास्त्री नगर काली मंदिर में भी रोशनी से सजा मंदिर दूर से ही आकर्षित लग रहा था। बारादेवी मंदिर में मंदिर आए भक्तों ने मान्यता की रखी ईंट का पूजन कर प्रार्थना की। जंगली देवी मंदिर में भक्तों की ओर से लौंग अर्पित कर माता रानी से सौभाग्य की प्रार्थना की। देर रात तक देवी मंदिरों में भक्तों की ओर से दर्शन किए जाते रहे।



रात तक जवारे निकलते रहे। अमृत विचार

### 21 किलो का सांग

नवरात्र पर शुक्रवार को शहर में बड़ी संख्या में जवारे निकले। इन जवारों में 21 किलो तक सांग सभी के लिएआकर्षण का केंद्र रहे। भक्तों की ओर से ऐसे सांग भी निकले गए जिनमें मातारानी का स्वरूप धारण किए बच्ची को भक्तों ने झूला झुलाया। पीरोड व जेके मंदिर के पास से निकले जवारों में श्रद्धालू माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पीरोड से निकले जवारों में 21 किलो तक भारी सांग को लेकर जब भक्त माता रानी के मंदिर की ओर निकले तो भक्तों ने जयकारे लगाकर माता रानी का अह्वान किया।

# कल होगा सनातनी एकता के लिए नौ चंडी महायज्ञ

**कानपुर।** विकास नगर, उद्यान विहार गेट नंबर एक स्थित धूनी ध्यान केंद्र शकुंतला शक्ति पीठ में 29 मार्च को सनातनी एकता के लिए नौ चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह महायज्ञ केंद्र के संस्थापक डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा द्वारा किया जाएगा, बताया कि माता के दिव्य नौ स्वरूपों का यज्ञ किया जाएगा। मां गौरी का अभिषेक व नौ हजार गुलाब के पुष्पों से श्रंगार होगा। इसके बाद यज्ञ किया जाएगा, जिसमें सभी भक्त जायफल, कमल गट्टा, हल्दी सप्त औषधियों से आहुतियां प्रदान करेंगे। इसके बाद कन्या पूजन व संत पूजन कराया जाएगा जिसमें विशेष रूप से भारत के सिद्ध व्यास सदानंद जी महाराज द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।



आचार्य अमरेश मिश्रा।

# आरती में शामिल हुए डीएम भी



राम-जानकी मंदिर में आरती में शामिल हुए डीएम। अमृत विचार

**कानपुर।** रामनवमी पर शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सरसैया घाट स्थित ऐतिहासिक राम-जानकी मंदिर पहुंचकर भगवान राम की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम के श्री विग्रह का विधि-विधान से पूजन किया और जनपदवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन किसी एक युग के लिए नहीं, बल्कि हर कालखंड के लिए प्रेरणास्रोत है। सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा के जो आदर्श उन्होंने स्थापित किए, वे आज के दौर में और भी प्रासंगिक हो गए हैं।

# अहंकार मनुष्य के विवेक को कर देता है नष्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में कौशल जी महाराज की हनुमान कथा
- भगवान भक्तों के अहंकार को नष्ट करके सही मार्ग दिखाते

**अमृत विचार।** अहंकार मनुष्य के विवेक को नष्ट कर देता है। भगवान भक्तों के अहंकार को दूर कर उन्हें सही मार्ग पर लाते हैं। सच्चा भक्त वही है जो हर परिस्थिति में भगवान पर विश्वास बनाए रखता है।

शुक्रवार को विश्वविद्यालय स्थित रानी लक्ष्मी बाई सभागार में आयोजित श्री हनुमान कथा के छठवें दिन विजय कौशल जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक प्रवचनों से आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान किसी के बाहरी रूप, धन या पद को नहीं देखते बल्कि वे केवल प्रेम, भक्ति और समर्पण को स्वीकार करते हैं। जीवन में धैर्य, संयम और विनम्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि वे अपने जीवन में अच्छे संस्कार अपनाएं और परिवार के साथ ही समाज में भी प्रेम एवं सद्भाव बनाए रखें तथा अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनें। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का आनंद लेते रहे। चरनजीत मेहरा एवं कुंज बिहारी लाल निगम तथा जुगल किशोर, डॉ. सक्षम पाण्डेय, आरआर सोनी उपायुक्त परिवहन के अतिरिक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ एसके पालीवाल, विवि के कुलपति प्रो विनय पाठक, आयुर्वेदाचार्या डॉ वंदना पाठक, अनूप पचौरी मंत्री, उमेश निगम, संयोजक डॉ विवेक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

